# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 30 सितंबर 2024






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **DHAMTARI** Ph: 7838724613. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.

Narayana Health

World Heart Day 2024

# NH Walkathon की भव्य सफलता के लिए आप सभी का दिल से धन्यवाद!



**NH-Walkathon** की सफलता का श्रेय रायपुर की जनता को जाता है, जिन्होंने बड़ी उत्साह के साथ वृहद् संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस कार्यक्रम में आपकी भागीदारी ने दिखाया है कि आप सभी अपने और अपनों के हृदय के प्रति न सिर्फ जागरूक हैं, बल्कि इनसे जुड़ी रोगों से लड़ने के लिए भी तैयार हैं।

**दिल की सेहत की इस मुहिम में जुड़ने के लिए पुनः धन्यवाद।**

Powered By: Krishna Public School

Co-Powered By: एनटीपीसी NTPC

Supported By: dt (Symbol of Trust, Since 1957), Mahendra

Electronic Media Partner: IBC24 सवाल आपका है

Radio Partner: 94.3 My FM

English Media Partner: The Times of India (Bennett & Coleman)

Hospitality Partner: Sayaji Raipur

Gift Partner: Rishtey Gifts #FORGIFTS

Branding Partner: justthink

Event Partner: Aish Media & Marketing

Refreshment Partner: SHS Sai Hospitality Services (Since 2007)

*Take Care* | MMI Narayana Hospital, Lalpur, Raipur 8821-818181

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 30 सितंबर 2024





विक्रम सिसोदिया महासचिव, हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी चुने गए उपाध्यक्ष



छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की विशेष आमसभा में हुआ पदाधिकारियों का निर्वाचन

# सीएम साय बने ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, कहा-टार्गेट होना चाहिए ओलंपिक पदक, खिलाड़ियों पर करें फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष चुन लिए गए। संघ की विशेष आमसभा में पदाधिकारियों का ऐलान हुआ। विक्रम सिंह सिसोदिया महासचिव चुने गए। रविवार को न्यू सर्किट हाउस में आयोजित सभा में तमाम पदाधिकारी निर्विरोध चुन लिए गए। रिटर्निंग ऑफिसर अशोक कुमार अग्रवाल ने इसका ऐलान किया। बैठक में मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, ▶▶ शेष पेज 2 पर




## सभी पूरी टीम भावना के साथ करेंगे काम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल को आगे ले जाने के लिए हम सभी पूरी टीम भावना के साथ काम करेंगे। छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हमारी सरकार राज्य में खेल को बढ़ावा देने के साथ ही अधोसंरचना विकास और खिलाड़ियों के हित में लगातार फैसले ले रही है। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक ▶▶ शेष पेज 2 पर

## छत्तीसगढ़ बनेगा अग्रणी राज्य

संघ के नए महासचिव विक्रम सिसोदिया ने कहा कि खेल की गतिविधियों में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य बनेगा। आने वाले समय में छग में नेशनल ▶▶ शेष पेज 2 पर

## ये बनाए गए उपाध्यक्ष

केदार कश्यप, बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, डा. हिमांशु द्विवेदी, संजय पिल्ले, गजराज पगारिया, शरद शुक्ला, रमेश श्रीवास्तव, सुनील अग्रवाल, कैलाश मुरारका।

## संयुक्त सचिव

राम जाखड़, आर. राजेन्द्रन, मोहम्मद अकरम खान, मनीष श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह रघुवंशी, मनोज कुमार अग्रवाल, समीर खान।

## कार्यकारिणी में ये

विजय अग्रवाल, मोहनलाल, अवतार सिंह जुनेजा, प्रशांत राय, उमेश सिंह ठाकुर, अमरनाथ सिंह, उज्जल दीपक, प्रमोद सिंह ठाकुर, उदयप्रताप सिंह, अतुल शुक्ला, रामपुरी गोस्वामी, आशीष यादव।

## प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है

सांसद और छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में प्रतिभावान खिलाड़ियों ▶▶ शेष पेज 2 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सीजेआई चंद्रचूड़ ने तिरुमला में की पूजा-अर्चना



**तिरुपति।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को यहां तिरुमला में भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने अपने दल के साथ वैकुंठ कतार परिसर से मंदिर में प्रवेश किया और गर्भगृह में पूजा की। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ तिरुमला श्रीवारी मंदिर गए।

### कुंभ पर 992 विशेष ट्रेनें चलाने की योजना



**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय कुंभ मेले के लिए व्यापक व्यवस्था करने पर काम कर रहा है। जनवरी में प्रयागराज में आयोजित होने वाले समागम के लिए 992 विशेष रेलगाड़ियां चलाने की योजना बना रहा है। विभिन्न बुनियादी ढांचे उन्नयन के लिए 933 करोड़ रुपए निर्धारित किए हैं।

### कांच की खेप उतारते चार श्रमिकों की मौत



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे शहर में कांच निर्माण इकाई में वाहन से उतारे जा रहे कांच के मजदूरों पर गिरने से चार श्रमिकों की मौत हो गई। एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को पहले सूचना मिली थी कि कटराज इलाके स्थित एक कांच निर्माण इकाई में कांच की खेप उतारते समय पांच से छह श्रमिक फंस गए हैं।

### मेडिकल कॉलेज के एमएस के छात्र ने की आत्महत्या




**प्रयागराज।** यूपी में प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के एमएस के छात्र ने कार में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। कॉलेज से संबंद्ध एसआरएन अस्पताल के चिकित्सकों ने पुलिस को सूचना दी। अस्पताल में कार्यरत डाक्टर कार्तिकेय श्रीवास्तव ने आत्महत्या कर ली है।

### 14 लाख रुपए का ड्रग्स बरामद, दो गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक कंपनी के प्रतिनिधि और एक फार्महाउस के संचालक को गिरफ्तार कर उनके पास से 14.26 लाख रुपए मूल्य का मादक पदार्थ 'मेफेड्रोन' बरामद किया गया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर शुक्रवार शाम उल्वे इलाके से 39 तथा 45 वर्षीय दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया।

## मानसून की विदाई में अभी वक्त, पर अक्टूबर में बड़ी राहत देने नया सिस्टम नहीं

# बारिश के सीजन का आज आखिरी दिन छग के पांच जिलों की प्यास रही अधूरी


खास खबर

*चार महीने की बारिश के सीजन का सोमवार को अंतिम दिन है। इस सीजन कई जिले लबालब हुए हैं, लेकिन पांच ऐसे जिले हैं, जिसकी प्यास नहीं बुझी। सरगुजा, जशपुर के अलावा इस बार दुर्ग, बेमेतरा और सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 43 से 21 फीसदी पानी कम बरसा। प्रदेश से मानसून की विदाई में वक्त है, मगर बड़ी राहत देने अक्टूबर में अच्छा सिस्टम नहीं है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मौसम विभाग द्वारा 1 जून से 30 सितंबर तक रेनी सीजन माना जाता है। जून के पहले और सितंबर के बाद होने वाली बारिश आंकड़ों में दर्ज नहीं होती। इस बार राज्य में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान था, जो लगभग सही साबित हुआ है। राज्य में इस साल 1231 मिमी. वर्षा हुई, जो सामान्य से आठ प्रतिशत ज्यादा है। पिछली बार राज्य में यह आंकड़ा 1016 मिमी. यानी सामान्य से सात प्रतिशत कम पर सिमट गया था। इस बार हुई वर्षा से पांच जिले लबालब हुए तो पांच जिले कम वर्षा के संकट में आ गए हैं। सोमवार को रेनी सीजन का अंतिम दिन है, मगर किसी भी जिले के आंकड़ों में थोड़ा परिवर्तन भी ▶▶ शेष पेज 2 पर

- पिछले साल की तुलना में प्रदेश में 170 मिमी. ज्यादा वर्षा, संकट में तीन नए जिले



### 31 से 36 डिग्री पर तापमान

बारिश की गतिविधि पर विराम लगाने की वजह से पिछले दो-तीन दिनों से गर्मी अपना तेज असर दिखा रही है। रायपुर समेत प्रदेश के तमाम प्रमुख स्टेशनों का अधिकतम तापमान 31 से 36 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। आसमान में हल्के बादल तो हैं, मगर यह तेज धूप के प्रभाव को कम नहीं कर पा रहा है। वातावरण में अभी भी 80 फीसदी से ज्यादा नमी है, जिसकी वजह से उमस भी परेशानी का कारण बनी हुई है।

### गर्मी बढ़ी तो होगी दिक्कत

रायपुर जिले में अब तक 982 मिमी. बारिश हुई है, जो सामान्य से 4 प्रतिशत कम है, जिले में सीजन में 1051 मिमी. बारिश होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि ज्यादा बारिश कोटा पूरा करने के साथ वाटर लेवल को भी रीचार्ज करती है। राजधानी समेत जिले की जनसंख्या अधिक है, इसलिए यहां अधिक पानी की आवश्यकता होती है। इस बार वर्षा सामान्य है।

### अब तक वर्षा की स्थिति

*लबालब हुए जिले- बलरामपुर में 1726 मिमी., 73 फीसदी ज्यादा, बीजापुर 2387 मिमी., 75 प्रतिशत ज्यादा, बलौदाबाजार 1182 मिमी., 27 फीसदी अधिक, नारायणपुर 1479 मिमी., 21 प्रतिशत अधिक, सुकमा 1650 मिमी., 37 फीसदी ज्यादा।*

*अल्पवर्षा वाले जिले- बेमेतरा 596 मिमी., 43 प्रतिशत कम, दुर्ग 736 मिमी., 25 प्रतिशत कम, जशपुर 1058 मिमी., 22 फीसदी संकट, सारंगढ़-बिलाईगढ़ 735 मिमी., 21 प्रतिशत की कमी, सरगुजा 712 मिमी., 39 प्रतिशत कमी*

*सामान्य स्थिति वाले जिले- बालोद, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, गरियाबंद, जीपीएम, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, खैरागढ़-छुईखदान, कोंडागांव, कोरबा, कोरिया, महासमुंद, मनेंद्रगढ़, मोहला-मानपुर, मुंगेली, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, सक्ती, सूरजपुर। इन जिलों में 19 प्रतिशत से ज्यादा और 19 फीसदी से कम बारिश नहीं हुई है।*

### देश का ऐसा हाल

- गोरखपुर में 24 घंटे में 153 मिमी बारिश, 95 साल का टूटा रिकॉर्ड
- बिहार में बिजली गिरने से 24 घंटे में 4 लोगों की मौत, 12 जिलों में बाढ़
- आज तमिलनाडु, कर्नाटक समेत 13 राज्यों भारी बारिश का अनुमान
- मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में 2 से 4 अक्टूबर तक अलर्ट

### नेपाल में अब तक 170 की मौत

नेपाल में बाढ़ और बारिश ने तबाही मचा रखी है। अब तक 170 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सैंकड़ों लोग घायल हैं। 68 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। राजधानी काठमांडू में बारिश ने पिछले 54 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले ऐसी बारिश 1970 में हुई थी। काठमांडू में सबसे अधिक बारिश 2002 में हुई थी। मगर घाटी में पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में शनिवार को काठमांडू में 239.7 मिलीमीटर बारिश हुई।

## वंदे भारत पर फिर हमला

# 10 दिन में दूसरी बार पत्थर से खिड़की का कांच तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस पर 10 दिनों के भीतर दो बार पत्थरबाजी हो चुकी है। शनिवार रात जब ट्रेन विशाखापट्टनम से दुर्ग जा रही थी, इसी दौरान ओडिशा के नुआपाड़ा जिले में खरियार रोड रेलवे स्टेशन से पहले अज्ञात तत्वों ने पथराव किया। ट्रेन में यात्रा कर रहे भिलाई निवासी अप्पल नायडू ने बताया कि खरियार रोड स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने के पहले उनके कोच ई-2 की सीट नंबर 34-35 की खिड़की पर पत्थरबाजी हुई। इससे खिड़की के शीशे तड़क गए। ▶▶ शेष पेज 2 पर

- खरियार रोड रेलवे स्टेशन से पहले अज्ञात तत्वों ने किया पथराव

### ट्रायल के दौरान हो चुका है पथराव

दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस के ट्रायल के दौरान महासमुंद के पास पथराव किया गया था, जिससे कोच के ग्लास टूट गए थे। इस मामले में तीन लोगों को तत्काल गिरफ्तार भी किया गया था। लोगों को जागरूक करने के बाद भी रेलवे प्रशासन वंदे भारत को पथराव से नहीं बचा पा रहा है। लगातार वंदे भारत पर पथराव की यह दूसरी घटना है। बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत पर अब तक 6 से अधिक बार पथराव हो चुका है।

### अचानक बरसने लगे पत्थर

जिस कोच पर अज्ञात तत्वों ने पथराव किया, उसमें सिर्फ दो ही यात्री थे, जिन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई। खरियार रोड में इसकी शिकायत की गई है। यात्रियों ने बताया कि पथराव के बाद तेज आवाजें आने लगीं। कोच में बैठे दोनों यात्रियों ने उठकर देखा तो उनके कोच की सीट नंबर 34-35 की खिड़की पर पत्थर फेंके जा रहे थे, जिसके बाद वे खुद को बचाते हुए वहां से हट गए। उन्होंने इसकी शिकायत ट्रेन के टीटीई से की, जिसने स्टेशन में जानकारी दी। वंदे भारत एक्सप्रेस को इसी हालत में दुर्ग तक लाया गया।

## बीजापुर के चिन्नागेलुर की घटना

# आईईडी ब्लास्ट, सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट समेत 5 घायल





*हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/बीजापुर*

*बीजापुर के तर्रेम थाना क्षेत्र स्थित चिन्नागेलूर कैंप से लगभग 350 मीटर की दूरी पर आईईडी ब्लास्ट होने से सीआरपीएफ के पांच जवान घायल हो गए। घायल जवानों का कैंप में प्राथमिक उपचार के बाद एयर लिफ्ट कर बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है।*

*जानकारी के मुताबिक चिन्नागेलूर कैंप में तैनात सीआरपीएफ 153 बटालियन के जवान रविवार सुबह सर्चिंग के लिए रवाना हुए थे। नक्सल प्रभावित तर्रेम थाना क्षेत्र के चिन्नागेलूर-गुंडम मार्ग में जवानों को नुकसान पहुंचाने नक्सलियों ने आईईडी बम प्लांट किया था। इसी दौरान कैंप से लगभग 350 मीटर दूर आईईडी बम डिफ्यूज के दौरान सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमाण्डेंट समेत पांच जवान घायल हो गए। साथी जवानों* ▶▶ शेष पेज 2 पर

- प्राथमिक उपचार के बाद एयर लिफ्ट कर रायपुर किया गया रेफर

### जवान डी-माइनिंग ड्यूटी पर निकले थे

*एएसपी बीजापुर चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि रविवार की सुबह चिन्नागेलूर सीआरपीएएफ कैम्प से जवान डीमाइनिंग ड्यूटी पर निकले थे। जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने जमीन के अंदर आईईडी लगा कर रखा था, जवानों की नजर आईईडी बम पर पड़ी थी। जवान आईईडी बम डिफ्यूज करने लगे तभी अचानक आईईडी ब्लास्ट हो गया। इस घटना में सीआरपीएफ के पांच जवान घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में लाया गया, जहां से उन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर रेफर कर दिया गया है। एएसपी ने बताया कि पांच घायल जवानों में तीन जवानों की हालत सामान्य है। वहीं दो जवानों की आंखों में ब्लास्ट के बाद डस्ट चला गया है, जिनका उपचार जारी है।*

## हिर्री धौराभांठा में हुई भीषण दुर्घटना

# हाइवा से टकराई बस, ड्राइवर की मौत, 16 तीर्थयात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

गया बिहार से 50 तीर्थ यात्रियों को लेकर रायपुर लौट रही बस के ड्राइवर को सुबह 4 बजे झपकी आ गई और तेज रफ्तार बस बेकाबू होकर खराब होकर खड़े हाइवा से टकरा गई। जोरदार टक्कर से बस के परखच्चे उड़ गए वहीं हादसे में ड्राइवर की मौत हो गई है और 16 यात्री घायल हो गए हैं।




हिर्री टीआई किशोर केंवट ने बताया कि रायपुर व जिले के अलग अलग स्थानों से शताब्दी ट्रेवल्र्स की 52 सीटर ▶▶ शेष पेज 2 पर

### पहले उतर गए थे 4 तीर्थ यात्री

टीआई श्री केंवट ने बताया, गया बिहार से लौटते समय सकरी में 2 व बिल्हा मोड़ पर 2 तीर्थ यात्री उतर गए थे, जिससे वे बाल बाल बच गए। वहीं पंचमती साहू पति दयाराम साहू रायपुर गुढ़ियारी, गणेश राम कुर्मी पिता मोतीलाल गनियारी, दयाराम साहू पिता लोकनाथ साहू ▶▶ शेष पेज 2 पर

## वन विभाग की टीम ने डोंगराटोला में ट्रैंक्यूलाइज कर पिंजरे में किया बंद

# आखिरकार पकड़ा गया तीन को मौत की नींद सुलाने वाला भालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पेंड्रा/मरवाही

3 लोगों को मौत की नींद सुलाने वाले तथा 2 लोगों को गंभीर रूप से जख्मी करने वाले आदमखोर भालू को पकड़ने में वन विभाग की टीम को सफलता मिल गई है। ग्राम उषाड के डोंगराटोला में ट्रैंक्यूलाइज कर भालू पर काबू पाया गया। भालू को पिंजरे में बंद किया गया है। वन विभाग के अफसर भालू को कानन लाने बैठक कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार मरवाही वन मंडल के मरवाही वन परिक्षेत्र में पिछले तीन दिनों से एक भालू ग्रामीणों को अपना शिकार बना रहा था। भालू के हमले से दो लोगों की मौत हो गई थी जिसमें एक ▶▶ शेष पेज 2 पर



### चल रहा इलाज

वन विभाग के आला अधिकारी कानन भालू को कानन ले जाने को लेकर बैठक कर रहे हैं। हमें अभी आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। वर्तमान में भालू का रेस्क्यू किया गया है। उसका इलाज जारी है। आदेश मिलने पर भालू को कानन लाया जाएगा।

**- डॉ. पीके चंदन,** कानन पेंडारी जू, बिलासपुर

### कई दिनों से था आतंक

पिछले कई दिनों से यह नर भालू क्षेत्र में आतंक का पर्याय बना था। वह लगातार बच्चों और बड़ों को अपना शिकार बना रहा था जिसके बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल था। वन विभाग ने मुनादी करवा कर ग्रामीणों को भालुओं से दूर रहने की अपील भी ▶▶ शेष पेज 2 पर

## आइफा पुरस्कार में रानी मुखर्जी और ऐश्वर्या बेस्ट एक्ट्रेस

# शाहरुख बेस्ट एक्टर, एनिमल सर्वश्रेष्ठ फिल्म

एजेंसी ▶▶ यास आइलैंड

अबू धाबी के यास आइलैंड में आयोजित 'इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स 2024' (आइफा) में अभिनेता शाहरुख खान को फिल्म 'जवान' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से नवाजा गया जबकि रणबीर कपूर अभिनीत 'एनिमल' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला है। शाहरुख ने अभिनेता विक्की कौशल और फिल्म निर्माता करण जौहर के साथ मिलकर शनिवार को आइफा पुरस्कार समारोह की मेजबानी की। शाहरुख खान की फिल्म 'दिल से...' के निर्देशक मणिरत्नम और संगीतकार ए.आर. ▶▶ शेष पेज 2 पर



### शबाना आजमी, हेमामालिनी भी सम्मानित

फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की मुख्य अभिनेत्री आलिया भट्ट की दादी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री शबाना आजमी को भी आइफा पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। दिग्गज अभिनेत्री-नेता हेमा मालिनी को भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### विधु विनोद चोपड़ा सर्वश्रेष्ठ निर्देशक

आइफा पुरस्कार में फिल्म निर्माता विधु विनोद चोपड़ा को उनकी फिल्म 'ट्वेल्थ फेल' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म 'एनिमल' के लिए अभिनेता अनिल कपूर को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता और बॉबी देओल को सर्वश्रेष्ठ नकारात्मक भूमिका श्रेणी में पुरस्कार मिला। देओल ने पुरस्कार लेने के बाद फिल्म 'एनिमल' के गीत 'जमाल कुडू' पर नृत्य भी किया।

### शाहरुख बोले-वापसी करके अच्छा लग रहा

अभिनेता शाहरुख खान ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने के बाद साल का अच्छा अंत होने से वह खुश हैं। एटली द्वारा निर्देशित 'जवान' एक ऐसे व्यक्ति की भावनात्मक यात्रा को दर्शाती है जो समाज में व्याप्त बुराइयों को सुधारना चाहता है। इसमें शाहरुख ने विक्रम राठौर और उसके बेटे आजाद की दोहरी भूमिका निभाई है। शाहरुख ने विक्की कौशल और करण जौहर के साथ मिलकर कार्यक्रम की मेजबानी भी की। उन्होंने पुरस्कार स्वीकार करते हुए कहा, जवान के निर्माण के दौरान हम सभी थोड़े मुश्किल दौर से गुजर रहे थे।

चिंतन

# पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनाव को रोकना जरूरी

पश्चिम एशिया में युद्ध उन्माद तेजी से विस्तार ले रहा है। इजराइल एक साल से आतंकी गुट हमास के खिलाफ गाजा में लड़ रहा है, अब इजराइल ने लेबनान में हमास के हमदर्द आतंकी गुट हिज्बुल्ला के विरुद्ध भी मोर्चा खोल दिया है। हिज्बुल्ला के एक एक कर दस से अधिक शीर्ष कमांडरों को मारने के बाद उसके प्रमुख हसन नसरल्लाह को भी इजराइली फौज आईडीएफ ने ढेर कर दिया है। इजराइल की हिज्बुल्ला से पुरानी दुश्मनी भी है। अपने पड़ोसी लेबनान में सत्ता में शामिल प्रतिबंधित शिया आतंकी गुट हिज्बुल्ला के खिलाफ पेजर व वॉकीटॉकी अटैक के बाद उसके मुख्यालय को निशाना बनाकर इजराइल ने भीषण हवाई हमले किए, जिसमें हिज्बुल्ला तहस-नहस हो गया है। हिजबुल्ला ने बदला लेने की बात कही है, वह भी चुप नहीं बैठेगा। रविवार को आईडीएफ (इजराइली डिफेंस फोर्स) ने हिजबुल्ला के एक और प्रमुख सदस्य नबील कौक को मार गिराया है। इसी दिन अमेरिका ने सीरिया पर हवाई हमला किया है, जिसमें 35 आतंकियों के मारे जाने का दावा किया है। इस्लामिक स्टेट के आतंक के चलते सीरिया पहले से ही हिंसक संघर्ष से जूझ रहा है। इराक भी अशांत है। इस क्षेत्र में हमास, हिज्बुल्ला, हुती, अल शबाब, आईएस आदि इस्लामिक कट्टरपंथी आतंकी गुट सक्रिय हैं, जो इस क्षेत्र में हिंसा में लिप्त हैं। इजराइल के लेबनान में हिज्बुल्ला पर आक्रामक रवैये के बाद देर सवेर ईरान के युद्ध में शामिल होने की संभावना बढ़ गई है। ऐसा होगा तो इजराइल को एक और मोर्चे पर युद्ध करना होगा। बड़ी बात है कि अभी तक इजराइल अपने दुश्मन आतंकी गुटों के सफाये के लक्ष्य के लिए जंग कर रहा है, लेकिन ईरान के कूदने से यह राष्ट्रों के बीच युद्ध हो जाएगा। इस क्षेत्र में इजराइल को ईरान सबसे बड़ा दुश्मन मानता है। अगर ईरान युद्ध में उलझता है तो इसका भारत पर भी बड़ा असर पड़ेगा। भारत के इजराइल से अच्छे संबंध हैं व ईरान के साथ भी। अभी कूटनीतिक रूप से इजराइल अधिक मजबूत है, इसका पहला कारण है कि उसके अमेरिका से बेहतर संबंध हैं, ईरान के यूएस से खराब संबंध हैं। दूसरा, इजराइल के अरब मुल्कों सऊदी अरब, यूएई से भी बेहतर ताल्लुकात हैं। इसलिए 55 इस्लामिक देशों का समूह ओआईसी (इस्लामिक सहयोग संगठन) का सामूहिक रुख इजराइल के खिलाफ होना कठिन है। ईरान ने ओआईसी की बैठक जरूर बुलाई है, लेकिन हमास, हिज्बुल्ला, हुती जैसी आतंकी गुटों के प्रति मुस्लिम देशों में भी विरोध है, इसी के साथ सुन्नी व शिया के बीच की अदावत भी इजराइल के प्रति ओआईसी के एकजुट होने की राह में बाधा है। अभी इजराइल बेशक आक्रामक है, लेकिन वह प्रतिक्रियात्मक भूमिका में है। पहले हमास ने इजराइल में बेकसूरों नागरिकों पर हमला किया, फिर हिज्बुल्ला, हुती, ईरान, कतर आदि हमास के पक्ष में आए, जो आतंक के समर्थन का द्योतक है। भारत के कश्मीर में हिज्बुल्ला प्रमुख हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद उसके समर्थन में दुख जताया जाना चिंताजनक है, भारत के मुस्लिमों को आतंकी व सामान्य मुसलमान में फर्क करना सीखना होगा। हसन के नेतृत्व में हिज्बुल्ला लड़ाकों ने गैर शिया मुस्लिमों व गैर मुस्लिमों के बीच मानवता के खिलाफ हिंसा ही मचाई थी। हमास के पक्ष में भी कुछेक भारतीय मुस्लिमों ने आंसू बहाए थे, ये भी शर्मनाक थी। भारत के इजराइल से दोस्ताना संबंध है, ईरान जंग शुरू करेगा तो भारत को कूटनीतिक समझदारी दिखानी होगी। क्योंकि भारत ईरान में चाबहार पोर्ट बना रहा है। लेबनान से भारत केवल उर्वरक का आयात करता है, तो अधिक फर्क नहीं पड़ेगा। इजराइल व लेबनान संघर्ष में ईरान के कूदने से प्रभाव जरूर पड़ेगा। हालांकि अमेरिका व इजराइल के गठजोड़ व इस क्षेत्र में 40 हजार यूएस आर्मी के तैनात रहने के चलते ईरान के सीधे युद्ध में उतरने की संभावना क्षीण है, फिर भी भारत के लिए खाड़ी देशों में काम कर रहे अपने करीब 90 लाख नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता है। ईरान के आने से कच्चे तेल की आपूर्ति पर भी असर पड़ेगा। मध्य पूर्व के देशों के साथ भारत के 195 अरब डॉलर के ट्रेड भी हैं, इस पर भी असर नहीं पड़ना चाहिए। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है। बेशक भारत रूस व यूक्रेन जंग की तरह तटसथ नीति अपनाए, लेकिन वह खाड़ी व पश्चिम एशिया में किसी भी उथलपुथल से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता है। इजराइल की आक्रामकता को रोकना जरूरी है। इस वक्त संयुक्त राष्ट्र का चुप बैठे रहना भी ठीक नहीं है। पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनाव को रोकना आवश्यक है। भारत को भी शांति की पहल करनी चाहिए।

आधी दुनिया
डॉ. मोनिका शर्मा



# सुरक्षा और सम्मान हर महिला का हक

महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान जुड़े नियमों-क़ानूनों का किसी भी तरह के भेदभाव से परे होना ही आधी आबादी एक लिए समानता का धरातल बना सकता है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की एक पीठ द्वारा कहा गया कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम- 2005, भारत की हर महिला पर लागू होता है, चाहे उसकी धार्मिक संबद्धता कुछ भी हो। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना की अगुवाई वाली इस पीठ ने यह भी कहा है कि स्त्रियों को भारतीय संविधान में जो अधिकार मिले हुए हैं, उन अधिकारों के संरक्षण के लिए ही यह कानून है, जो सभी महिलाओं पर समान रूप से लागू होता है। यह अधिनियम एक सिविल कोड की तरह है। जिसके चलते प्रत्येक धर्म एवं समुदाय से सम्बंध रखने वाली महिलाओं से सम्बद्ध है। ध्यातव्य है कि 2015 के इस मामले में मजिस्ट्रेट ने डोमेस्टिक वॉयलेंस एक्ट- की धारा 12 के तहत पत्नी को मासिक भरण-पोषण के रूप में 12,000 रुपये और मुआवजे के रूप में 1 लाख रुपये दिए जाने का आदेश दिया था। 5 वर्ष बाद पति ने परिस्थितियों में बदलाव के आधार पर आदेश को रद या संशोधित करने की मांग करते हुए फिर से आवेदन दायर किया। मजिस्ट्रेट द्वारा आवेदन खारिज करने के बाद सेशन कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को पुनर्विचार करने का निर्देश दिया।

सेशन कोर्ट के आदेश के विरुद्ध पत्नी की पुनर्विचार याचिका हाईकोर्ट से खारिज होने के बाद उसने उच्चतम न्यायालय में अपील की। अब सुप्रीम कोर्ट ने अपीलीय कोर्ट और हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए यह बात कही है। पत्नी ने तर्क दिया कि पति द्वारा 2015 में पारित मूल आदेश को निरस्त कर पत्नी को दी गई पूरी राशि लौटाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जो कि स्वीकार्य नहीं था क्योंकि परिस्थितियों में कोई बदलाव नहीं हुआ। दुःखद है कि भारत में कई बार धार्मिक और सामुदायिक सम्बद्धता भी महिलाओं की सुरक्षा और अधिकार पाने के मोर्चे पर बाधा बन जाते हैं। ऐसे में भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित इस मामले में आया यह निर्णय महिला अधिकारों से जुड़ी अहम बात लिए हैं। तकनीकी तरक्की और सामाजिक बदलाव के दावों के इस दौर में भी आधी आबादी घरेलू हिंसा का दंश झेल रही हैं। गांवों-कस्बों में ही नहीं, उच्च शिक्षित शहरी तबके में भी स्त्रियां हिंसा की शिकार हैं। वर्ष 2019-2021 में आए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 आंकड़ों के मुताबिक 18 से 49 वर्ष की आयु के बीच की 29.3 प्रतिशत विवाहित महिलाओं ने घरेलू एवं यौन हिंसा का सामना किया है। इतना ही नहीं, 18 से 49 वर्ष की आयु की 3.1 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान भी शारीरिक हिंसा झेलनी पड़ी। दर्ज करवाये गए इन आंकड़ों के अलावा बड़ी संख्या ऐसे मामले भी होते हैं, जिनकी शिकायत तक नहीं की जाती। सर्वे में भी खुलासा हुआ है कि पीड़ादायी हालातों में भी सहायता लेने वाली महिलाओं की संख्या में बढ़ोतरी नहीं हुई है बल्कि नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की तीसरी रिपोर्ट में सामने आए आंकड़ों में गिरावट आई है। इस हिंसक व्यवहार की जड़ लैंगिक भेदभाव की सोच ही है। ऐसे दुर्व्यवहार और हिंसा की प्रवृत्ति को किसी भी धर्म या समुदाय से अलग करके नहीं देखा जा सकता। साझी भावना के आधार पर समझना होगा कि अपने आंगन में तो हर इंसान सम्मान और सुरक्षा उम्मीद रखता है। आशाओं को पोषण देने वाले परिजनों का साथ हिंसा, अपमान एवं उपेक्षा की आंच से बचाने के लिए ही तो होता है। अफसोस कि कई भारतीय महिलाओं को घर में भी सहयोगी और सम्मानजनक माहौल नहीं मिलता।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बंदरगाहों से बढ़ेगा कारोबार-निर्यात

भारत दुनिया की खाद्य टोकरी बनता जा रहा है और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में अब निर्यात लागत घटने के कारण खाद्य प्रसंस्करण निर्यात और बढ़ेंगे। उल्लेखनीय है कि इस समय देश के वैश्विक व्यापार को बढ़ाने और निर्यात के ऊंचे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बंदरगाहों के आधुनिकीकरण के साथ उन्हें समुद्री व्यापार के लिए प्रतिस्पर्धी बनाने की रणनीति के साथ तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। वधावन बंदरगाह भारत के सबसे बड़े गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक होगा। यह अंतरराष्ट्रीय नौवहन मार्गों को सीधा संपर्क प्रदान करेगा, जिससे पारगमन समय और लागत कम होगी। यह बंदरगाह भारत की समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा।

इन दिनों पूरी दुनिया में भारत के बंदरगाह विकास अभियान को सराहा जा रहा है और कहा जा रहा है कि इससे भारत का वैश्विक कारोबार तथा निर्यात बढ़ेगा। विश्व बैंक और एसएंडपी ग्लोबल मार्केटिंग इंटेलिजेंस की रिपोर्ट कंटेनर पोर्ट परफॉर्मेंस इंडेक्स -2023 में शीर्ष वैश्विक 100 बंदरगाहों में भारत के नौ बंदरगाहों को स्थान मिला है। गौरतलब है कि हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बढ़ते विदेश व्यापार घाटे, लाल सागर में बढ़ते संकट और कंटेनरों की किल्लत की चिंताओं के बीच बंदरगाहों से विदेश व्यापार बढ़ाने और निर्यातकों की सहायता के लिए अहम फैसले लिए हैं। इन फैसलों के तहत शिपिंग कॉरपोरेशन बड़े कंटेनर जहाज चलाएगी। बंदरगाह शुल्क में कटौती की जाएगी तथा निर्यात की खेपों को जल्दी भेजने के लिए प्रक्रिया में तेजी के उपाय शामिल हैं। 16 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह पर नए तूतीकोरिन अंतरराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल का उद्घाटन करते हुए अपने संदेश में कहा कि यह टर्मिनल भारत के मरीन इंफ्रास्ट्रक्चर का नया सितारा है। इस नए टर्मिनल से वीओ चिदंबरनार पोर्ट के सामर्थ्य में भी विस्तार होगा। खास बात यह भी है कि बंदरगाह से निर्यात बढ़ाने के नए फैसलों से देश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के निर्यात भी बढ़ेंगे।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक देश दुनिया की खाद्य टोकरी बनता जा रहा है और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में अब निर्यात लागत घटने के कारण खाद्य प्रसंस्करण निर्यात और बढ़ेंगे। उल्लेखनीय है कि इस समय देश के वैश्विक व्यापार को बढ़ाने और निर्यात के ऊंचे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बंदरगाहों के आधुनिकीकरण के साथ उन्हें समुद्री व्यापार के लिए प्रतिस्पर्धी बनाने की रणनीति के साथ तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। विगत 30 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वधावन देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह होगा। इस परियोजना का उद्देश्य भारत में एक विश्व स्तरीय समुद्री प्रवेश द्वार स्थापित करना है, जो बड़े कंटेनर जहाजों की ज़रूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि वधावन बंदरगाह भारत के सबसे बड़े गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक होगा। यह अंतरराष्ट्रीय नौवहन मार्गों को सीधा संपर्क प्रदान करेगा, जिससे पारगमन समय और लागत कम होगी। यह बंदरगाह भारत की समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा और वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगा। गौरतलब है कि भारत की 7517 किमी लंबी समुद्री तटरेखा है, जो 9 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों को समाहित करती है। देश के विशाल समुद्र तटों पर, 13 प्रमुख बड़े और 212 छोटे बंदरगाह हैं।

भारतीय बंदरगाह अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत और वैश्विक व्यापार के लिए शताब्दियों से महत्वपूर्ण बने हुए हैं और बंदरगाहों से विदेश व्यापार लगातार बढ़ता गया है। इस समय भारत का मात्रा के हिसाब से 95 फीसदी और मूल्य के हिसाब से 70 फीसदी व्यापार




बंदरगाहों के माध्यम से होता है। निसंदेह अंतरराष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार होने के कारण भारतीय बंदरगाहों ने समुद्री (तटीय) राज्यों को देश में औद्योगिक विकास के मद्देनजर पसंदीदा स्थल बना दिया है। परिवहन संबंधी न्यूनतम बाधाओं के साथ-साथ लॉजिस्टिक लागत में कमी बंदरगाहों के निकटवर्ती क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को बढ़ाने वाला प्रमुख कारण है। निश्चित रूप से पिछले एक दशक में भारत अपने बंदरगाहों को समुद्री व्यापार की धुरी बनाने के लिए लगातार रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। निजी बंदरगाहों को प्रोत्साहन दिया गया है। भारत कार्गो और जहाजों को संभालने में अपनी दक्षता में सुधार करने के उद्देश्य से अपने बंदरगाहों का तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है। वर्ष 2015 में सागरमाला कार्यक्रम के लॉन्च होने के बाद से बंदरगाह के नेतृत्व वाले विकास को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन मिला है। मार्च 2022 तक सागरमाला कार्यक्रम के लिए 5.40 लाख करोड़ रुपए की निर्धारित लागत वाली कुल 802 परियोजनाओं में से 1.12 लाख करोड़ रुपये की 221 परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं, जबकि 4.28 लाख करोड़ रुपये की 581 परियोजनाएं विकास के विभिन्न चरणों में हैं। वर्ष 2021 में लॉन्च किए गए पीएम गति-शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के माध्यम से विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को गति प्रदान की जा रही है। ज्ञातव्य है निजी भागीदारी बंदरगाह आधारित विकास की मुख्य रणनीति है। इस संबंध में 100 करोड़ रुपये से अधिक निवेश की सभी परियोजनाएं नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी) के तहत सूचीबद्ध हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जो समुद्री राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स पोर्टल (एनएलजी) जनवरी, 2023 में शुरू हुआ है, वह एक ऐसा वन-स्टॉप प्लेटफ़ॉर्म है जो लॉजिस्टिक्स समुदाय के सभी हितधारकों को आईटी के माध्यम से जोड़ता है। इसका उद्देश्य लागत और समय की देरी को कम करते हुए दक्षता और पारदर्शिता में सुधार करना है। सरकार ने बंदरगाह निर्माण और रखरखाव परियोजनाओं के लिए स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दी हुई है। इसके अलावा, 11.8 अरब डॉलर के योजनाबद्ध आउटले के साथ समुद्री क्षेत्र को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय समुद्री विकास कार्यक्रम (एनएमडीपी) भी अत्यधिक लाभप्रद है।

अब मेरी टाइम इंडिया मिशन 2030 के तहत बंदरगाहों के विकास और लॉजिस्टिक लागत घटाकर समुद्री अर्थव्यवस्था से देश को लाभांवित करने का नया अध्याय आगे बढ़ रहा है। इन सबके साथ-साथ वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन (जीएमआईएस) के दौरान तय किए गए व्यापक रोडमैप के साथ समुद्री अमृतकाल विजन 2047 भारत के समुद्री क्षेत्र को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। निःसंदेह सरकार और निजी क्षेत्र द्वारा समन्वित रूप से किए जा रहे समुद्री विकास और बंदरगाहों के विकास के रणनीतिक प्रयासों के अच्छे परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। यह स्पष्ट है कि जल परिवहन दुनियाभर में माल ढुलाई के लिए सबसे सस्ता और वरीयता वाला माध्यम है। हम उम्मीद करें कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बंदरगाहों से निर्यात बढ़ाने के लिए जो महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, उनके कारगर क्रियान्वयन पर शुरू से ही ध्यान दिया जाएगा। वधावन देश के सबसे बड़े कंटेनर बंदरगाह के रूप में भारत के समुद्री व्यापार की नई धुरी बनेगा। पीएम गति शक्ति योजना, नई लॉजिस्टिक नीति और मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 का सफल क्रियान्वयन रफ्तार से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था को 2027 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारतीय और 2047 तक देश को विकसित देश बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

## जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### 'मेक इन इंडिया' से भारत को कितना लाभ?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार बढ़ाने के लिए 'मेक इन इंडिया' की शुरुआत 25 सितंबर 2014 को की थी। इस योजना को 10 वर्ष हो गए। इन वर्षों में यह योजना कितनी कामयाब हुई, इस पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। कोई इसे पानी के आधे भरे गिलास की तरह देखेगा, तो कोई खाली। हालांकि मेक इन इंडिया की एक शाखा उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के अनुसार देश में पिछले लगभग 10 वर्षों में अच्छा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहित करने के लिए भी बहुत ज्यादा गंभीर दिखते हैं। मेक इन इंडिया सरकार की अच्छी पहल है। प्रधानमंत्री हमारे देश की वस्तुओं की मांग विदेशों में बढ़ने की बात कहते हैं। – *देवेंद्र उपाध्याय, दुर्ग*

### ट्रेंड

#### 'मन की बात' अनूठा मंच



एक विशेष एपिसोड 'मन की बात' 10 वर्षों में अनूठा मंच बन गया है। भारत की भावना का जश्न मनाता है और राष्ट्र की सामूहिक ताकत का प्रदर्शन करता है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

#### दलितों की हो रही उपेक्षा



हरियाणा में हो रहे विधानसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस द्वारा दलितों की लगातार की जा रही उपेक्षा व तिरस्कार से यह साबित है कि पार्टी में अभी सब कुछ ठीक नहीं है, गलत है तो आगे क्या होगा? ऐसे में दलित समाज के लोग कांग्रेस व बीजेपी आदि को अपना वोट देकर इसे खराब न करें।
-मायावती, बसपा प्रमुख

#### बेंगलुरु टेक समिट



भारत की तकनीकी क्रांति के केंद्र के रूप में, बेंगलुरु वह जगह है जहां परिवर्तन शुरू होता है, नवाचार पनपता है और सहयोग उड़ान भरता है। यह गतिशील ऊर्जा एशिया के सबसे बड़े टेक शो बेंगलुरु टेक समिट 2024 में एक साथ आती है।
-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

#### हमें अपने सैनिकों पर गर्व



अटारी सीमा पर हमने बहुत अद्भुत समय बिताया। अपने सैनिकों और देश पर बहुत गर्व महसूस हुआ। इतना प्यार दिखाने के लिए धन्यवाद। फिल्म 'शाहकोट' सिनेमाघरों में 4 अक्टूबर को आ रही है।
-गुरु रंधावा, गायक-संगीतकार

### करंट अफेयर

## माइक्रोप्लास्टिक अध्ययन की पहली प्रयोगशाला स्थापित



सीएसआईआर-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान द्वारा पिछले दशक में माइक्रोप्लास्टिक पर किए गए अध्ययन ने गोवा के तट पर किस हद तक प्रदूषण है, इसे उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डोना पाउला स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान (एनआईओ) ने राज्य और केंद्र सरकारों के आंशिक सहयोग से 2013-14 में माइक्रोप्लास्टिक पर अपना शोध शुरू किया था। सीएसआईआर की प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. महुआ साहा के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की एक टीम प्लास्टिक की बोतलों और अन्य कचरे से अटे पड़े समुद्र तटों से नमूने एकत्र कर रही है, ताकि माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी और प्रभाव का अध्ययन किया जा सके। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के निदेशक डॉ. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि समस्या यह है कि पानी (नदियों और समुद्र) में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक भोजन में और मानव शरीर में प्रवेश करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरा माइक्रोप्लास्टिक में टूट जाता है, जल प्रणाली में प्रवेश करता है, तथा तत्पश्चात मछलियों और अन्य समुद्री जीवों के माध्यम से मनुष्यों द्वारा खाए जाने वाले खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करता है।

### ऑफ बीट

## नकारात्मक भावनाओं की रोक है भोजन का प्रयोग

क्या आपने कभी यह महसूस किया है कि जब आप उदास, ऊबे हुए या चिंतित होते हैं तो आपकी खान-पान की आदतों में कोई बदलाव आता है?



कई लोगों का कहना है कि जब वे परेशानी में होते हैं तो इससे निपटने में मदद के लिए वे अधिक या कम खाना खाते हैं। यद्यपि यह एक बहुत ही सामान्य प्रतिक्रिया है लेकिन इससे खाने का आनंद खत्म हो सकता है और यह कष्टकारी हो सकता है तथा शर्म एवं आत्म-आलोचना की अन्य भावनाएं भी पैदा कर सकता है। हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां आहार संस्कृति अपरिहार्य है और खाने, भोजन एवं शरीर की छवि के साथ हमारा रिश्ता जटिल और भ्रामक हो सकता है। भावनात्मक भोजन आम बात है भावनात्मक रूप से भोजन तब होता है जब आप मुश्किल भावनाओं से निपटने के लिए खाना खाते हैं। शोध से पता चलता है कि लगभग 20 प्रतिशत लोग नियमित रूप से भावनात्मक रूप से भोजन करते हैं। किशोरों और महिलाओं में इसका प्रचलन अधिक है। पंद्रह सौ से अधिक किशोरों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 34 प्रतिशत किशोर उदास होने पर भावनात्मक रूप से भोजन करते हैं जबकि 40 प्रतिशत किशोर चिंतित होने पर भावनात्मक रूप से भोजन करते हैं।

**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
सोमवार, 30 सितंबर 2024
आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 23, अंक : 75
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 34.0
न्यून. 25.0

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



05
जल्द से जल्द शादी और 3 बच्चे चाहती हूं

विचार पेज
बंदरगाहों से बढ़ेगा कारोबार-निर्यात

# इस बार दीपावली 6 दिनों की, लक्ष्मी पूजन 2 दिनों तक, अमावस आधार पर प्रथम दिवस पूजन मान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इस बार दीपावली 6 दिनों की रहेगी। अमावस्या तिथि दो दिनों तक होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। इस साल कार्तिक अमावस्या 31 अक्टूबर और 1 नवंबर दोनों दिन रहने वाली है। ऐसे में दिवाली पूजन कब करें, इस पर लोगों में असमंजस है। हालांकि अधिकतर ज्योतिषाचार्यों और शहर के पंडितों का कहना है कि दीपावली अमावस्या की प्रथम तिथि अर्थात 31 अक्टूबर को ही मनाना उचित है, क्योंकि लक्ष्मी पूजन के लिए आवश्यक गोधुलि बेला इस दिन ही प्राप्त होगी। एक नवंबर को शाम 5 बजे के बाद अमावस्या तिथि समाप्त हो जाएगी। ऐसे में तिथि बीत जाने के बाद लक्ष्मी पूजन फलदायी नहीं होगा।

- अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को, इसे लेकर असमंजस की स्थिति

खास खबर

दिवाली का पर्व 5 दिवसीय पर्व होता है, जो कि धनतेरस से शुरू होता है और भाई दूज के दिन समाप्त होता है। इसमें धनतेरस, चौदस, लक्ष्मी पूजन, गोवर्धन पूजा और भाई दूज शामिल है। चूंकि इस बार अमावस्या तिथि दो दिनों तक रहेगी, इसलिए इस बार दीपावली 6 दिनों की रहेगी। 31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजन के बाद गोवर्धन पूजा 2 नवंबर को होगी।

## 29 अक्टूबर को धनतेरस के साथ प्रारंभ होगी दीपावली, भाईदूज संग 3 नवंबर को समापन

### एक नंबवर को लग जाएगी प्रतिपदा तिथि

पंचांग के अनुसार 31 तारीख को 3 बजकर 22 मिनट पर अमावस्या तिथि आरंभ होगी और 1 नवंबर को शाम में 5 बजकर 23 मिनट पर अमावस्या तिथि समाप्त होगी। इसके चलते 1 तारीख को अमावस्या तिथि प्रदोष और निशिथ काल को स्पर्श नहीं कर रही है अमावस्या पर दिवाली पूजन करने के लिए अमावस्या की रात का होना जरूरी है, जो कि 31 अक्टूबर की रात को होगी। ऐसे में 31 अक्टूबर की रात को दिवाली की लक्ष्मी पूजन करना उचित होगा। नवंबर की रात को प्रतिपदा तिथि लग जाएगी।



### जानिए कब कौन सा पर्व

| | |
|---|---|
| धनतेरस | - 29 अक्टूबर |
| नरक चतुर्दशी | - 30 अक्टूबर |
| लक्ष्मी पूजन | - 31 अक्टूबर |
| गोवर्धन पूजा | - 2 नवंबर |
| भाई दूज | - 3 नवंबर |

### गुरुवार को पूजन मान्य

लक्ष्मी पूजन अमावस्या में संध्याकाल में गोधुली बेला में की जाती है। गुरुवार को गोधुलि बेला में अमावस्या रहेगी, जबकि शुक्रवार को दोपहर में ही अमावस्या तिथि समाप्त हो जाएगी। ऐसे में गुरुवार को लक्ष्मी पूजन मान्य है।

- पं. मनोज शुक्ला, महामाया मंदिर, रायपुर

## खबर संक्षेप

### कठुआ में आतंकी ढेर राजौरी में भी मुठभेड़



**जम्मू।** कठुआ जिले के सुदूर गांव में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया। इसके पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने का संदेह है। राजौरी जिले में भी रविवार शाम को आतंकवादियों से एक और मुठभेड़ शुरू होने की जानकारी मिली है। रविवार शाम को राजौरी जिले के थानामंडी इलाके में एक और मुठभेड़ तब शुरू हो गई।

### विद्युत उपकेंद्र का कर्मी रिश्वत लेते धराया



**मथुरा।** यूपी पुलिस के भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने मथुरा के गोवर्धन क्षेत्र में एक विद्युत उपकेंद्र के संविदाकर्मी को एक दुकानदार से दस हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट से बताया कि आरोपी माधव तिवारी को गिरधरपुर के निवासी भूपेंद्र सिंह की महाराजा एस्टेट कॉलोनी के निकट दिव्यांश फैशन प्वाइण्ट स्थित दुकान पर पहुंचा।

### ट्रक से टकराई बस तीन की मौत



**भभुआ।** बिहार के कैमूर जिले के मोहनिया में रविवार तड़के एक बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। रविवार सुबह करीब 5:30 बजे सूचना मिली कि मोहनिया रोड पर बरहौनी सेवा निकेतन के समीप सड़क किनारे खडे एक ट्रक में एक बस ने पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

### सीमा पार से ड्रग्स तस्करी गिरोह का भंडाफोड़



**चंडीगढ़।** पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। छह किलोग्राम हेरोइन तथा 60 से अधिक कारतूस बरामद किए गए हैं। एसएसओसी अमृतसर ने सीमा पार से हेरोइन तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है और छह किलोग्राम हेरोइन, 67 कारतूस, दो मैगजीन तथा छह फोन बरामद किए हैं।

### कच्चा मकान गिरने से भाई-बहन की मौत



**कन्नौज।** कन्नौज जिले के इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण कच्चा मकान गिरने से दो नाबालिग भाई-बहन की मौत हो गई। परिवार के चार अन्य लोग घायल हो गये। क्षेत्र के गोपालपुर गांव के रामदास (45), अपनी पत्नी फागुनी (40), पुत्र विवेक (10) व विकास (दो) और पुत्री अंजली (14) तथा सरिता (12) के साथ कच्चे मकान में सो रहे थे।

## हसन नसरल्लाह का शव मलबे से बरामद, हवाई हमले जारी

# कहर बनकर बरसा इजरायल, हिजबुल्ला चीफ के बाद शीर्ष कमांडर को मार गिराया

*मिडिल ईस्ट में इजराइल और फिलिस्तीन युद्ध के बीच लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह और ईरान की एंट्री के बाद से दुनिया को अब तीसरे विश्व युद्ध का खतरा सताने लगा है। इस बीच इजराइल ने ईरान की धमकियों को नजर अंदाज करते हुए हिजबुल्लाह पर कहर बरपा रखा है। आतंकी संगठन के चीफ हसन नसरल्लाह की मौत के एक दिन इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह कमांडर नबील कौक को मार गिराने का दावा किया है।*

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

इजराइली आर्मी ने रविवार को कहा कि उसने हिजबुल्लाह कमांडर नबील कौक को मार गिराया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नबील कौक के समर्थक उसकी मौत के दुख में पोस्ट शेयर कर रहे हैं। हसन नसरल्लाह के बाद हिजबुल्लाह में नबील कौक का बड़ा कद था, वो केंद्रीय परिषद के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत था। कौक ने 1995 से 2010 तक दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के सैन्य कमांडर के रूप में भी काम किया। इजराइल का कहना है कि हसन नसरल्लाह की हत्या के बाद सीनियर हिजबुल्लाह कमांडर नबील कौक को भी मार दिया गया है। हिज्बुल्ला ने पुष्टि की है कि उसके एक शीर्ष कमांडर अली कराकी की इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। शुक्रवार को बेरूत में समूह का प्रमुख नेता हसन नसरूल्ला भी मारा गया था। इजराइल ने हाल के हफ्तों में कई हमलों में लेबनान के इस आतंकवादी समूह के कई शीर्ष कमांडरों को मार ▶▶ शेष पेज 2 पर



### 1992 में भी इजराइल ने हिजबुल्लाह कमांडर को लगाया था ठिकाने

ये पहली बार नहीं है जब इजराइल ने किसी हिजबुल्लाह कमांडर की हत्या की है। इससे पहले 1992 में आतंकी ग्रुप के कमांडर अब्बास मौसावी को भी इजराइल सेना द्वारा हेलीकॉप्टर हमले मार गिराया गया था। जिसकी जगह बाद में हसन नसरल्लाह ने ली और उसे भी पीएम नेतन्याहू की आर्मी ने ठिकाने लगा दिया। इजराइल का कहना है कि वह लेबनान में हिजबुल्लाह पर लगातार टार्गेट लगाकर हमले कर रहा है।

- हसन नसरल्लाह का शव मलबे से बरामद लेबनान में अभी भी हवाई हमले जारी
- इजराइली कार्रवाई में अब खूंखार अली कराकी के मारे जाने की पुष्टि

### लेबनान से सटी सीमा पर टैंक तैनात

इधर, रविवार को इजराइल ने लेबनान से सटी सीमा पर टैंक तैनात कर दिए। अलजजीरा ने इनकी तस्वीरें भी जारी की हैं। वहीं अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसे नसरल्लाह पर हमले के बारे में पता था। इजराइल ने ऑपरेशन के लिए लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने के बाद उसे जानकारी दी थी। हालांकि इजराइल ने दावा किया है कि उसने ऑपरेशन शुरू करने से पहले ही अमेरिका को संदेश भेज दिया था। दूसरी तरफ नसरल्लाह की मौत के बाद भी शनिवार (28 सितंबर) को इजराइल ने लेबनान में हमले जारी रखे।

### हमले में एक ही परिवार के 17 लोगों की मौत

लेबनान की एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक रविवार को इजराइल के हमले में एक ही परिवार के 17 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल ने ये हमला लेबनान के उत्तर में बेका घाटी के जबूद शहर में किया था। हमले के बाद राहत और बचाव कर्मी मलबे के नीचे जिंदा लोगों की तलाश की तलाश में जुटे हुए हैं।

### हिजबुल्लाह चीफ की डेडबॉडी मिली

इजराइली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की डेडबॉडी मिल गई है। मेडिकल और सुरक्षा टीमों ने नसरल्लाह के शव को हमले वाली जगह से बरामद किया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हसन के शरीर पर हमले के सीधे निशान नहीं हैं। उसकी मौत के पीछे तेज धमाके से हुए ट्रॉमा को वजह माना जा रहा है।

### हाशिम नया चीफ

हिजबुल्ला ने अपने नए नेता के नाम का ऐलान कर दिया है। अब हाशिम सफीद्दीन को हिज्बुल्लाह की कमान सौंपी गई है। सफीद्दीन भी हसन नसरुल्लाह की तरह मौलवी है और रिश्ते में उसका चचेरा भाई भी है। 1964 में दक्षिणी लेबनान के डेर क़ानून एन नहर में जन्मा हाशिम सफ़ीद्दीन लेबनानी शिया मौलवी और हिजबुल्ला का अधिकारी रहा है।

# भाषण के दौरान खड़गे बीमार, कहा- जब तक मोदी सत्ता में हैं, मैं नहीं मरूंगा

हाथ पकड़कर ले गए पार्टी नेता



एजेंसी ▶▶ जसरोटा/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के के जसरोटा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तबीयत खराब हो गई। चिकित्सा सहायता प्राप्त करने के बाद खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता से हटने से पहले वह मरने वाले नहीं हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि डॉक्टरों द्वारा जांच के बाद खड़गे की हालत अब स्थिर है। कांग्रेस महासचिव गुलाम अहमद मीर ने बताया, वह जसरोटा में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे, तभी उन्हें बेचैनी महसूस हुई और चक्कर आने लगा। उनके सहयोगियों ने उन्हें कुर्सी पर बैठाने में मदद की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष की हालत स्थिर है। रैली स्थल पर चिकित्सा सहायता मिलने के बाद खड़गे ने कहा, मैं 83 साल का हूं। मैं बात करना चाहता था, लेकिन चक्कर आने के कारण मैं बैठ गया। कृपया मुझे माफ करें। उन्होंने कांग्रेस पार्टी से हुए पूर्व प्रधानमंत्रियों की भूमिका पर प्रकाश डाला।



### पीएम मोदी ने फोन कर जाना हाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मल्लिकार्जुन खड़गे से फोन पर बात कर उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य की जानकारी ली। गौरतलब है कि रविवार को जम्मू कश्मीर में तीसरे और आखिरी चरण की वोटिंग के प्रचार का आखिरी दिन था। आखिरी चरण में 1 अक्टूबर को 40 सीटों पर वोटिंग होनी है। नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे।

### खड़गे को आया चक्कर

जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के उपाध्यक्ष रवींद्र शर्मा ने कहा कि खड़गे को चक्कर आया। उन्हें एक कमरे में ले जाया गया, जहां जांच के लिए डॉक्टरों को बुलाया गया। खड़गे विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते एक रैली को संबोधित करने जसरोटा पहुंचे थे। उनका उधमपुर जिले के रामनगर में एक और सार्वजनिक रैली को संबोधित करने का भी कार्यक्रम हुआ।

तबादले को लेकर रहता था परेशान

# पुलिस कॉन्स्टेबल ने जहर सेवन कर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



दुर्ग कातुलबोर्ड में एक पुलिसकर्मी ने शनिवार की देर रात खुदकुशी कर ली। पुलिस लाइन स्थित अपने घर में उसने जहर खा लिया। कॉन्स्टेबल की पहचान अभिषेक राय (28), निवासी कातुलबोर्ड दुर्ग के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस कर्मी राय पिछले चार दिन से ▶▶ शेष पेज 2 पर

### पिता भी थे पुलिस में, हो चुकी मौत

बताया जा रहा है कि अभिषेक के पिता संजय राय भी छत्तीसगढ़ पुलिस में थे। 2012 में नारायणपुर में ड्यूटी के दौरान बम डिफ्यूज करते वक्त ब्लास्ट में उनकी ▶▶ शेष पेज 2 पर

# पूर्व मंत्री चौटाला के साथ आठ भाजपा नेताओं पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी ने आठ नेताओं को पार्टी से निकाल दिया है। इनमें पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला और पूर्व विधायक देवेंद्र कादयान का नाम भी शामिल है। इन सभी नेताओं पर पार्टी से बगावत कर पार्टी के उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ने की अनुशासनहीनता के बाद कार्रवाई की गई है। आठ बागी नेताओं पर कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए हरियाणा भाजपा के प्रदेश ▶▶ शेष पेज 2 पर

हरियाणा चुनाव से पहले भाजपा का एक्शन



### 5 अक्टूबर को मतदान

बता दें कि हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर 5 अक्टूबर को एक चरण में मतदान होना है। 8 अक्टूबर को नतीजे घोषित होंगे।

### भाजपा से कट गई थी टिकट

मुख्यमंत्री नायब सैनी की कैबिनेट में ऊर्जा मंत्री रहे रणजीत सिंह चौटाला की भाजपा से टिकट कट गई थी। इसके बाद उन्होंने रनिया से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। बताया जा रहा है कि भाजपा और आरएसएस के सर्वे रिपोर्ट में रणजीत चौटाला की रिपोर्ट अच्छी नहीं आई थी, जिसके बाद माना जा रहा था कि उनका टिकट कट सकता है।

## 1 अक्टूबर से लागू हो रहे कई नए नियम

# पीपीएफ खाते, सुकन्या योजना में कल से बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

1 अक्टूबर की शुरुआत के साथ कई नए नियम लागू होने वाले हैं, जिनका असर आपकी जेब पर भी पड़ने वाला है। ये पांच बड़े बदलाव सीधे तौर पर आम आदमी की जेब और जीवन पर असर डालेंगे। एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी और क्रेडिट कार्ड्स से लेकर सुकन्या समृद्धि और पीपीएफ तक, इन बदलावों से वित्तीय योजनाओं और खर्चों में नए परिवर्तनों की शुरुआत होगी। इनमें से सबसे अहम बदलाव एलपीजी ▶▶ शेष पेज 2 पर

### एलपीजी गैस सिलेंडर

हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां घरेलू सिलेंडर और कमर्शियल सिलेंडर के दाम अपडेट करते हैं। इस बार, 1 अक्टूबर से 14 किलोग्राम घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कटौती की उम्मीद है। हालांकि, 19 किलोग्राम के कमर्शियल गैस सिलेंडर में बदलाव हो सकता है, जैसा कि सितंबर में देखा गया था।




### एटीएफ और सीएनजी-पीएनजी की दरों में बदलाव

एलपीजी के साथ-साथ, एविएशन टरबाइन फ्यूल और सीएनजी-पीएनजी की कीमतों में भी 1 अक्टूबर से बदलाव होगा। सितंबर में एटीएफ की कीमतों में कमी देखी गई थी, लेकिन अक्टूबर में यह बदलाव एक बार फिर हो सकता है। दिल्ली, मुंबई और अन्य शहरों में दरें पहले ही घट चुकी हैं, जिससे यात्रा और गैस के खर्चों पर सीधा असर पड़ा है।

### एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए बदलाव

आज एक अक्टूबर से एचडीएफसी बैंक अपने कुछ क्रेडिट कार्ड्स के लॉयल्टी प्रोग्राम में बदलाव करने जा रहा है। अब, एप्पल प्रोडक्ट्स की खरीद पर मिलने वाले रिवॉर्ड पॉइंट्स की लिमिट एक कैलेंडर तिमाही में एक ही प्रोडक्ट तक सीमित कर दी गई है। इसका सीधा असर एचडीएफसी बैंक के कार्ड होल्डर्स पर पड़ेगा, जो अक्सर इस प्लेटफार्म का इस्तेमाल करते हैं।



# ‘सेना में आने से संकोच ना करें, राहुल झूठ बोलने की मशीन, अग्निवीरों को मिलेगी पेंशनवाली नौकरी’

**गुरुग्राम की चुनावी सभा में बोले गृहमंत्री अमित शाह**

हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव के लिए होने हैं मतदान

सत्तारूढ़ भाजपा व कांग्रेस में माना जा रहा है सीधा मुकाबला

तीसरी शक्ति के रूप में इनेलो, जेजेपा, बसपा, आप भी हैं चुनावी समर में

*हरियाणा के गुरुग्राम के बादशाहपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के राहुल बाबा झूठ बोलने की मशीन हैं। उनका कहना है कि अग्निवीर योजना इसलिए लाई गई है, क्योंकि सरकार उन्हें पेंशन वाली नौकरी नहीं देना चाहती. अग्निवीर योजना सिर्फ हमारी सेना को जवान बनाए रखने के लिए बनाई गई है।*

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

शाह ने कहा कि मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अपने बेटों को सेना में भेजने से पहले संकोच ना करें। हर अग्निवीर को पेंशन वाली नौकरी मिलेगी। हरियाणा वो प्रदेश है, जहां का हर दसवां जवान सेना में जाता है। मोदी जी ने वादा किया था कि हम वन रैंक वन पेंशन को पूरा करेंगे। 40 साल से कांग्रेस की तीन पीढ़ियों ने सेना का सम्मान नहीं किया। वन रैंक वन पेंशन को पूरा नहीं किया। वन रैंक वन पेंशन का तीसरा वर्जन भी मोदी जी ने लागू कर दिया। अब नई तनख्वाह के साथ पेंशन मिलने वाली है। हरियाण की मां अपने सपूतों को सेना में भेजने से मत झिझकिएगा। मैं आज बादशाहपुर में कहकर जाता हूं कि पांच साल बाद कोई ऐसा अग्निवीर नहीं होगा, जिसके पास नौकरी नहीं होगी और पेंशन नहीं होगा। ये लोग तुष्टिकरण में अंधे हुए हैं। अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं। वो कहते हैं कि हमने अयोध्या के विचार को हरा दिया। राहुल बाबा सीटों पर हार जीत तो होती रहती है। आप इसको राम



लला के अपमान से नहीं जोड़ो. अपाकी सरकार में राम लला टेंट में थे, लेकिन मोदी जी ने भूमि पूजन भी किया और मंदिर भी बनाया।

**अयोध्या सीट हारने पर यह बोले शाह**

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अयोध्या सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। इसे लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीटों पर हार जीत होती रहती है, इसे रामलला के अपमान से मत जोड़ो। कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में रामलला टेंट में थे. पीएम मोदी ने भूमि पूजन भी किया। मंदिर भी बनाया और प्राण पतिष्ठा करने का काम भी किया। “ इससे पहले पूरा विपक्ष ये कहता था कि बीजेपी अयोध्या में इसलिए हारी क्योंकि उन्होंने रामलला का अपमान किया था।

**अग्निवीर योजना को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा**

*गृह मंत्री अमित शाह अग्निवीर योजना को लेकर भी कांग्रेस को जवाब दिया। उन्होंने कहा, “अग्निवीर योजना सिर्फ जवानों का जवान बनाने के लिए लाई गई है। हरियाणा के एक-एक अग्निवीर को राज्य सरकार और भारत सरकार पेंशन वाली नौकरी देगी। पांच साल के बाद कोई अग्निवीर ऐसा नहीं होगा, जिसका पास पेंशन वाली नौकरी नहीं होगी। गृह मंत्री शाह बीते 10 साल के कार्यकाल का हिसाब भी दिया। उन्होंने कहा, “यूपीए सरकार ने हरियाणा को 41 हजार करोड़ रुपये दिए थे, जबकि मोदी सरकार ने बीते 10 सालों में हरियाणा को 2 लाख 92 हजार करोड़ रुपया दिया। पीएम मोदी को सबसे ज्यादा प्यार हरियाणा से है।*

## वोट देते वक्त पार्टी के बारे में मत सोचना सिर्फ अपने बारे में सोचना : केजरीवाल

**आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने बादशाहपुर में की चुनावी सभा**




एजेंसी ▶▶| बादशाहपुर

हरियाणा में विधानसभा चुनाव का प्रचार जोरों पर है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बादशाहपुर में पार्टी के उम्मीदार बीरू सरपंच के पक्ष में जनसभा कर लोगों से उन्हें जीताने की अपील की। इस दौरान उन्होंने लोगों से यह भी बताया कि वोट देने जाने वक्त क्या सोचना है। उन्होंने कहा कि जब वोट डालने जाओ तो सिर्फ अपने बारे में सोचना। अपने घर के बारे में सोचना। किसी पार्टी के बारे में नहीं सोचना। किसी कैंडिडेट की नहीं सोचना। इतनी महंगाई हो रही है। अगर आम आदमी पार्टी की सरकार आई तो सबसे पहला काम बिजली फ्री करूंगा। आपके बच्चों का भविष्य बना दूंगा। आपके बच्चों को अच्छी शिक्षा दूंगा। उनके लिए नौकरी का इंतजाम करूंगा। इस दौरान उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के कारण भी बताए। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि उनका कसूर है कि वह 10 साल से दिल्ली के लोगों की सेवा कर रहे हैं। उनका कसूर है कि दिल्ली में 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाए। उनका कसूर है कि उन्होंने दिल्लीवालों को बिजली फ्री कर दी। उनका कसूर है कि दिल्ली की स्कूलों को शानदार बना दिया। उनका कसूर है कि दिल्लीवालों का इलाज मुफ्त कर दिया।

## करनाल और हिसार में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे राहुल

**प्रियंका के भी रैली में शामिल होने की संभावना**

*चंडीगढ़। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए पूरा जोर लगा रही कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अगले कुछ दिन में राज्य में कई जिलों में प्रचार करेंगे। हरियाणा में पांच अक्टूबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। गांधी बृहस्पतिवार को करनाल के असंध और हिसार के बरवाला में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। कांग्रेस सूत्रों ने गांधी के प्रचार अभियान का संभावित कार्यक्रम साझा करते हुए बताया कि वह सोमवार को अंबाला जिले के नारायणगढ़ में जनसभा को संबोधित कर अपने चुनाव प्रचार अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत करेंगे। इस दौरान उनके साथ पार्टी की नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के भी शामिल होने की संभावना है। गांधी सोमवार को यमुनानगर जिले और अंबाला में कुछ और स्थानों का भी दौरा करेंगे। इसके बाद वह साहा और फिर कुरुक्षेत्र जिले का दौरा करेंगे। इस जिले में लाडवा विधानसभा क्षेत्र भी आता है, जहां से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी के संभावित कार्यक्रम के अनुसार कुरुक्षेत्र के थानेसर में भी वह एक जनसभा को संबोधित करेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी तीन अक्टूबर की शाम को प्रचार समाप्त होने तक राज्य में प्रचार करेंगे। उनके साथ भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा समेत प्रदेश कांग्रेस के अन्य नेता भी शामिल होंगे। कांग्रेस 10 साल बाद हरियाणा में सत्ता में लौटने का प्रयास कर रही है।*



## कांग्रेस का मतलब है... कुशासन, करप्शन और अपराधीकरण : नड्डा

**कलानौर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हरियाणा की कलानौर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कांग्रेसियों ने न धरती छोड़ी, न जल छोड़ा और न ही आकाश छोड़ा, इन्होंने तीनों लोकों में भ्रष्टाचार किया। इसके साथ ही उन्होंने मतादाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील भी की है। कलानौर में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित कर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि, “कांग्रेस का मतलब है कुशासन, करप्शन और अपराधीकरण। भाई को भाई से लड़ाओ, जाति को जाति से लड़ाओ, समाज को समाज से लड़ाओ और वोट बैंक की राजनीति करो। ये कांग्रेस का धर्म है, ये कांग्रेस के काम करने का तरीका है। राहुल गांधी, अमेरिका में जाकर कहते हैं कि ‘हम आरक्षण समाप्त कर देंगे’। मैं राहुल गांधी को बता देना चाहता हूं कि आरक्षण था, आरक्षण है और आरक्षण सदा रहेगा, इसे कोई हाथ नहीं लगा सकता है।” नड्डा ने कहा आज दुनिया के आर्थिक जगत को जानने वाले लोग कह रहे हैं कि अगर आर्थिक दृष्टि से कोई आशा है, तो वो भारत से है, मोदी जी से है।



**तीर्थ स्थान जाने वाले हैं बाप-बेटे’ सीएम सरमा का कांग्रेस पर वार**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, ‘हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है। बाप-बेटा (भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दीपेंद्र सिंह हुड्डा) तीर्थ स्थान जाने वाले हैं। बाप-बेटे सर्वधाम यात्रा करेंगे और नायब सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री बनेंगे।’ ‘26 फसलों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है कि उन्हें MSP में खरीदा जाएगा। देश के किसानों में खुशी की लहर है। किसानों का भविष्य बहुत ही अच्छा है। सरकार बनने के बाद तुरंत दो लाख नौकरी दी जाएंगी और पांच लाख युवाओं को बैंक से सहज लोन उपलब्ध करवाया जाएगा।‘



## हमारे गठबंधन से तैयार होगा नया विकल्प : आजाद

चंडीगढ़। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि उनका दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) से गठबंधन ने भाईचारे का अच्छा माहौल बनाया है। जो युवा बीजेपी और कांग्रेस से परेशान हैं, उनमें एक नई हिम्मत आई है कि अब युवाओं के मुद्दों पर बात होगी। मुझे पूरा भरोसा है कि हम अपनी सीटें जीतेंगे और हरियाणा में एक नया विकल्प तैयार होगा। हरियाणा में हमें जो प्यार मिल रहा है, उसके लिए हम आपका धन्यवाद करते हैं। हम जातिगत जनगणना भी कराएंगे और उसके आंकड़े भी जारी करेंगे। आजाद ने आगे कहा कि बजट में अपना हिस्सा भी अपने लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे, चाहे वह डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से हो या गांव में स्पोर्ट्स कॉलेज बनाकर हो या फिर गांव में ट्रैक बनाकर हो और तमाम तरह के प्रयास करके विकसित गांव बने, शहर तो विकसित है शहरों में बहुत बड़ी आबादी है लेकिन गांव विकसित हो और गांव की प्रतिभा का सम्मान हो. स्पोर्टस में गांव की जो प्रतिभा है वो दब जाती है उस प्रतिभा को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए काम करेंगे। ताकि हरियाणा का नौजवान प्रदेश और देश का नाम दुनिया में रोशन करें. इसके लिए हम काम करेंगे।



## सीरिया में अमेरिका का जोरदार हमला एयर स्ट्राइक में मारे गए 37 आतंकी




**वाशिंगटन।** इजराइल हमास के बाद लेबनान पर ताबड़तोड़ हमला कर रहा है। उधर अमेरिका ने सीरिया में हमला कर दिया है। सीरिया में दो हमलों में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट समूह और अलकायदा संबंधी एक समूह अमेरिकी सेना ने हमला किया है। इस हमले में संगठन से जुड़े 37 आतंकवादी मारे गए हैं। अमेरिकी सेना ने रविवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि हमले में मारे गए आतंकियों में दो शीर्ष आतंकवादी भी शामिल थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा कि उसने मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया में हमला किया, जिसमें अलकायदा से जुड़े हुर्रास अल-दीन समूह के एक शीर्ष आतंकवादी और आठ अन्य को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना ने 16 सितंबर को किए गए एक हमले की भी जानकारी दी। यह हमला मध्य सीरिया में एक दूरस्थ अज्ञात स्थान पर आईएस प्रशिक्षण शिविर किया गया था। अमेरिकी सेना ने हवाई हमला किया था। जिसमें इस हमले में 28 आतंकवादी मारे गये थे। बता दें, सीरिया में करीब 900 अमेरिकी सैनिक हैं जो मुख्य रूप से चरमपंथी आईएस समूह की वापसी को रोकने में लगे हैं। बता दें, आईएस ने 2014 में इराक और सीरिया में बड़े पैमाने पर कब्जा कर लिया था।

**सीरिया में तैनात है अमेरिकी सैनिक**

बता दें, सीरिया में करीब 900 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। ये सैनिक यहां चरमपंथी आईएस समूह की वापसी को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें, आईएस ने 2014 में इराक और सीरिया में कई इलाकों में कब्जा कर लिया था। अमेरिकी सेना सीरिया में कुर्द नेतृत्व वाली सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेज की मदद के लिए तैनात की गई है। हालांकि सीरिया और इराक में अमेरिकी सैनिकों और आईएसआईएस के लड़ाकों के बीच अक्सर छिटपुट गोलीबारी होती रहता है। इधर, खाड़ी क्षेत्र में इजराइल भी आतंकियों पर जमकर हमला कर रहा है। बीते दिनो इजराइल के हमले में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह मारा गया। इजराइल ने रविवार को भी हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया। हमले में हिजबुल्ला का एक और प्रमुख सदस्य मारा गया है। आईडीएफ ने कहा कि उसके हवाई हमले में हिजबुल्ला की सेंट्रल काउंसिल के उप प्रमुख नबील कौक मारा गया है।

**चुनावी बॉण्ड योजना में एफआईआर के बाद कांग्रेस ने मांगा सीतारमण से इस्तीफा**

## ‘वित्त मंत्री राजनीतिक कानूनी और नैतिक रूप से ‘दोषी, इस्तीफा दें’

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने अब रद्द हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के संबंध में शिकायत पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोला और ‘लोकतंत्र को कमजोर करने’के लिए वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। विपक्षी दल ने पूरे चुनावी बॉण्ड योजना की विशेष जांच दल (एसआईटी) के माध्यम से उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच की अपनी मांग दोहराई। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी के साथ यहां संवाददाता सम्मेलन को



संबोधित करते हुए, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड की साजिश के जरिये पैसे ऐंठने के लिए चार तरीकों का इस्तेमाल किया गया। इसके तहत प्रीपेड रिश्वत, पोस्टपेड रिश्वत, छापे के बाद रिश्वत और फर्जी कंपनियों के माध्यम से वसूली की गई।

**ये है मामला**

चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित शिकायत के बाद बेंगलुरु की एक अदालत के निर्देश पर सीतारमण और अन्य के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया गया। इस योजना को पहले ही निरस्त किया जा चुका है। एक विशेष अदालत के आदेश के आधार पर केंद्रीय मंत्री सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 384 (जबरन वसूली के लिए सजा), 120 बी (आपराधिक साजिश) और 34 (साझा मंशा से कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कृत्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के प्रमुख बी वाई विजयेंद्र, पार्टी नेता नलिन कुमार कटील का भी नाम प्राथमिकी में दर्ज है।

## चक्रवाती तूफान हेलेन से 50 से ज्यादा लोगों की मौत

*उत्तर अमेरिकी देशों में तबाही*

**वाशिंगटन।** उत्तर अमेरिकी देशों में चक्रवाती तूफान हेलेन ने कहर बरपाया हुआ है। अमेरिका (यूएसए) में इसके चलते 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। हजारों लोग बेघर बताए जा रहे हैं। तूफान की अधिकतम गति 225 किलोमीटर प्रति घंटा थी, जब देर रात यह फ्लोरिडा के ग्रामीण बिग बेंड क्षेत्र में एक कम आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचा। इस तूफान में 50 से अधिक लोगों की मौत हुई है। हजारों लोग बेघर बताए जा रहे हैं। राष्ट्रपति बाइडेन ने एक पोस्ट में कहा कि हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और लोगों की हर संभव मदद की जा रही है। राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि हमारा ध्यान लोगों का जीवन बचाने पर है।

**मेक्सिको में जॉन ने बरपाया कहर**

वहीं, मेक्सिको में चक्रवाती तूफान जॉन ने तबाही मचा रखी है। दक्षिण-पश्चिम मेक्सिको में शनिवार को हजारों की संख्या में लोगों को अपने घरों को छोड़ना पड़ा है। करीब एक हफ्ते से इस तूफान का असर देखने को मिला है, जिसमें करीब 22 लोगों की मौत की सूचना है। इस तूफान का सबसे बुरा असर मेक्सिको के सबसे गरीब इलाके ग्वेरिरो में देखने को मिला।






**इजराइल का कमाल, रोग की पहचान करने वाला मैथड किया डेवलप**

## अब 15 साल पहले चल जाएगा पार्किंसंस का पता

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

जंग के बीच इजराइल से एक बड़ी खबर है। मेडिकल साइंस की दुनिया में यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। वैसे तो कई लाइलाज बीमारियां हैं, जिनका इलाज मुमकिन नहीं, लेकिन अगर समय से पहले इसका पता चल जाए, तो उस बीमारी से बचा जा सकता है। पार्किंसंस भी एक ऐसी ही बीमारी है, लेकिन अब पहली बार, तेल अवीव यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने कोशिकाओं में प्रोटीन के इकट्ठा होने का पता लगाने का एक मैथड डेवलप किया है, जो पार्किंसंस रोग की पहचान करता है। इसका मतलब यह हुआ कि पार्किंसंस का पहला लक्षण दिखने के 15 साल पहले ही इस बीमारी के बारे में पता लग सकता है,



जिससे समय रहते इलाज शुरू हो जाएगा और इस तरह से इस लाइलाज बीमारी को रोका जा सकता है।

**जीन म्यूटेशन पर फोकस**

प्रो. उरी अशेरी और तेल अवीव यूनिवर्सिटी के पीएचडी छात्र ओफिर साडे ने कहा कि रिसर्चर्स ने 2 जीन म्यूटेशन पर फोकस किया, जो एशकेनाज़ी यहूदियों में बड़ी मात्रा में पाए जाते हैं। प्रोफेसर अशेरी और साडे की अगुवाई में ही इजराइली मेडिकल सेंटर्स, जर्मनी और अमेरिका के रिसर्चर्स ने यह खोज किया है। अशेरी ने टाइम्स ऑफ इज़रायल को बताया, “हमें उम्मीद है कि आने वाले सालों में पार्किंसंस रोगियों के परिवार के उन सदस्यों के लिए इलाज के उपाय करना संभव होगा, जिनमें इस बीमारी के विकसित होने का खतरा होता है। ” सुपर-रिज़ॉल्यूशन माइक्रोस्कोपी का इस्तेमास करते हुए, रिसर्चर्स ने पार्किंसंस रोगियों की कोशिकाओं की जांच की – उनके मस्तिष्क से नहीं, बल्कि उनकी त्वचा से. यह स्टडी इस महीने साइंटिफिक जर्नल ‘फ्रंटियर्स इन मॉलिक्यूलर न्यूरोसाइंस’ में पब्लिश हुई है।

**यह है पार्किंसंस रोग**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, पार्किंसंस रोग एक मस्तिष्क की स्थिति है, जिसकी वजह से मांसपेशियों में दर्दनाक सिकुड़न, कंपन और बोलने में दिक्कत आती है। पिछले 25 सालों में पार्किंसंस का असर दोगुना हो गया है। दुनिया भर में लगभग 8.5 मिलियन लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं और इज़रायल में हर साल 1,200 नए पीड़ितों की पहचान की जाती है। अशेरी ने कहा कि पार्किंसंस वास्तव में मिडब्रेन के सब्सटेंशिया निग्रा एरिया में डोपामाइन का उत्पादन करने वाले न्यूरॉन्स के विनाश से जन्म लेता है। जब तक पार्किंसंस के शरीर के हिलने-डुलने से जुड़े लक्षण दिखाई देते हैं, तब तक 50 से 80% डोपामिनर्जिक न्यूरॉन्स पहले ही मर चुके होते हैं, और उन्हें फिर से जीवित करने का कोई तरीका नहीं होता है। इसलिए, आज के समय में इसका इलाज “काफी सीमित” हैं। अशेरी ने बताया ऐसा इसलिए होता है कि क्योंकि रोगी पहले से ही “बीमारी के एडवांस स्टेज” में होती है।



# विक्की और रश्मिका ने 700 डांसर्स के साथ शूट किया गाना

**मुंबई।** पिछले कुछ समय से विक्की कौशल अपनी आगामी फिल्म 'छावा' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान लक्ष्मण उतेकर ने संभाली है। इस फिल्म में विक्की की जोड़ी साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। दोनों सितारे इन दिनों फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। ताजा खबर यह है कि विक्की और रश्मिका ने हाल ही में 700 बैकग्राउंड डांसर्स के साथ फिल्म का एक गाना शूट किया है। कोरियोग्राफर ने जुटाए 1,500 लोग एक रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने हाल ही में मुंबई में रायगढ़ किले का एक भव्य सेट बनाया।

## लाइफ Style



# जिया

## जल्द से जल्द शादी और 3 बच्चे चाहती हूं

'बिग बॉस ओटीटी 2' की जिया शंकर याद हैं? हां! वहीं जिन्होंने रितेश देशमुख की फिल्म 'वेड' में लीड रोल प्ले किया था। जिया ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में शादी और डेटिंग पर खुलकर बात की है। जिया ने बताया कि उन्हें हुकअप कल्चर से नफरत है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जिया ने ये भी कहा कि वह अब 30 साल की हो गई हैं और जल्द से जल्द शादी करना चाहती हैं। शादी पर बात करते हुए जिया ने कहा अब ऐसा हो गया है कि ज्यादा से ज्यादा 2 साल। अगर इन दो सालों में कोई नहीं मिला तो मम्मी को बोल दिया जाएगा कि मम्मी, अरेंज मैरिज का टाइम आ गया है मैं हूं वो लड़की जिसे शादी करनी है, जिसे परिवार चाहिए, जिसे तीन बच्चे चाहिए। जिया ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं हूं ओल्ड स्कूल। गलत जनरेशन, टाइम पर पैदा हो गई हूं मैं। ये हुकअप कल्चर कब आ गया? मुझे नफरत शब्द कहना पसंद नहीं है, लेकिन मुझे हुकअप कल्चर से नफरत है। मेरे से नहीं होता ये। तुमको एक लड़की धोखा दे गई तो मैं क्या करूं? मुझे भी धोखा मिला है तो क्या मैं भी लड़कों की। जिया ने कहा, "मैं अब 30 साल की हो गई हूं। मुझे अब टाइम पास नहीं करना है। मैं जब 20 साल की थी तब भी मुझे पता था कि मुझे क्या चाहिए क्योंकि मैं एक टूटे हुए परिवार से आती हूं इसलिए मुझे हमेशा से एक बड़ा परिवार, प्यार चाहिए। मुझे जॉइंट फैमिली बहुत पसंद है। मैं रहना चाहती हूं उसके परिवार के साथ, उन्हें प्यार करना चाहती हूं, उनसे प्यार लेना चाहती हूं।"

## हॉलीवुड मसाला




# 'हैरी पॉटर' फेम नहीं रहे

**लॉस एंजिल्स।** 'हैरी पॉटर' फिल्म में प्रोफेसर मिनर्वा मैकगोनागल के रूप में प्रशंसा हासिल करने वालीं हॉलीवुड अभिनेत्री मैगी स्मिथ का निधन हो गया है। 89 वर्षीय स्मिथ ने शुक्रवार तड़के लंदन के एक अस्पताल में आखिरी सांस लेकर दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। इस दुखद खबर की जानकारी स्मिथ के बेटों, क्रिस लार्किन और टोबी स्टीफंस ने एक बयान जारी कर दी। अभिनेत्री के प्रशंसक उन्हें सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।




# 'बैलेरीना' का ट्रेलर हुआ जारी...

**लॉस एंजिल्स।** जॉन विक की दुनिया के बारे में जानने की इच्छा रखने वाले दर्शकों के लिए एक खुशखबरी है। 'फ्रॉम द वर्ल्ड ऑफ जॉन विकः बैलेरीना' का पहला ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म में अभिनेत्री एना डी आर्मस मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही कीनू रीव्स 'जॉन विक' की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म अगले साल 2025 में 6 जून को रिलीज होगी। ट्रेलर लांच के साथ ही मेकर्स ने बताया है कि 'जॉन विक अध्याय 3' पैराबेलम बैलेरीना की घटना ईव मैकारो को ही अपना आदर्श मानती है, जो रुस्का रोमा में अपना प्रशिक्षण शुरू कर रही है। ट्रेलर की बात करें तो अभिनेत्री एना डी आर्मस एक उभरता हुआ, छायादार, रहस्यमय लेकिन शक्तिशाली महिला किरदार हैं, जो न केवल बंदूक चलाना जानती हैं बल्कि सच की लड़ाई के लिए हर मुमकिन तरीके से लड़ना जानती हैं।




# 'उलझ' ने ओटीटी पर दी दस्तक...

**मुंबई।** जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसमें उनके काम को जमकर सराहा गया, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। लगभग 40 करोड़ रुपये की इस फिल्म ने 8.30 घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 8.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब 'उलझ' को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। नेटफ्लिक्स इंडिया ने इस खबर की जानकारी देते हुए लिखा, 'ऐसी दुनिया में जहां हर शब्द झूठ है और हर कदम जोखिम भरा है, वह सत्य की खोज में कितनी दूर तक जाएगा। देखिए 'उलझ' अब नेटफ्लिक्स पर।' 'उलझ' का निर्देशन सुधांशु सरिया ने किया है।




# गरबा को बनाएगा खास नया गाना जचदी

**मुंबई।** आयुष्मान खुराना उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने इंडस्ट्री में अपनी मेहनत और अपने हुनर के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वह न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक शानदार गायक भी हैं। अब आयुष्मान ने अपना नया गाना 'जचदी' जारी कर दिया है, जिसे उनके प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। इस गाने में आयुष्मान की जोड़ी पहली बार ऋतिक रोशन की बहन और अभिनेत्री पश्मीना रोशन के साथ बनी है। आयुष्मान का नया गाना आपके नवरात्रि के त्योहार को और भी खास बना देगा। इस गाने में आयुष्मान और पश्मीना गरबा करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आ रही है। इस गाने को खुद आयुष्मान ने अपनी आवाज दी है।

## टीवी मसाला

# गरीबी में काटे दिन, 300 रुपए में अवॉर्ड बेचकर भरा था परिवार का पेट

**नई दिल्ली।** मशहूर कॉमेडियन सुदेश लहरी अपनी दमदार कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 'कॉमेडी सर्कस' और 'द कपिल शर्मा शो' जैसे शोज में अपनी बेहतरीन कॉमेडी का जलवा बिखेरा है और



अपने दम पर बड़ा मुकाम हासिल किया है लेकिन कभी ऐसा भी वक्त था जब सुदेश लहरी के पास खाने तक के लिए पैसे नहीं होते थे। एक बार तो उन्होंने अवॉर्ड 300 रुपए में बेचकर परिवार का पेट भरा था। यह खुलासा खुद सुदेश लहरी ने एक इंटरव्यू में किया था। एक इंटरव्यू में सुदेश लहरी ने बताया था कि पैसों की तंगी की वजह से उन्होंने अपना अवॉर्ड बेच दिया था। कॉमेडियन ने इवेंट ऑर्गेनाइजर से पूछा कि अवॉर्ड के बदले में उन्हें कितने रुपये मिलेंगे। जवाब में उन्हें 300-400 रुपये बताए गए, तो फिर उन्होंने अवॉर्ड बेच दिया और मिले पैसों से फैमिली के लिए खाने का बंदोबस्त किया था। इस घटना से समझा जा सकता है कि उस वक्त सुदेश लहरी किन हालातों से गुजर रहे थे।

### इस कॉमेडी शो ने बदल दी सुदेश लहरी की जिंदगी

'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज 3' में पार्टिसिपेट करने के बाद सुदेश लहरी की जिंदगी बदल गई। फिर उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। सुदेश लहरी विनर लिस्ट में तीसरे स्थान पर थे, जबकि चंदन प्रभाकर दूसरा स्थान हासिल किया था। वहीं, कपिल शर्मा 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज 3' के विनर का ताज अपने नाम किया था।

### कई फिल्मों मे काम कर चुके हैं सुदेश लहरी

इसके अलावा सुदेश लहरी कई फिल्मों में भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेर चुके हैं। उन्होंने सलमान खान के साथ फिल्म 'रेडी' में काम किया था। इसके बाद वह 'जय हो' का भी हिस्सा रहे। सुदेश लहरी 'टोटल धमाल', 'ग्रेट ग्रैंड मस्ती' सहित कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। सुदेश लहरी तमिल फिल्म में भी नजर आ चुके हैं, जिसमें उन्होंने विक्रम प्रभु और रान्या राव के साथ काम किया था।

### 'लाफ्टर शेफ्स' में बिखेर रहे अपनी कॉमेडी का जलवा

इन दिनों सुदेश लहरी 'लाफ्टर शेफ्स' शो में अपनी कॉमेडी का जलवा बिखेर रहे हैं, जिसका कृष्णा अभिषेक, राहुल वैद्य, अली गोनी, कश्मीरा शाह, विक्की जैन और अंकिता लोखंडे समेत कई सितारे हिस्सा हैं।

# रणबीर ने अब तक इन फिल्मों के लिए जीते पुरस्कार, एक बनी 900 करोड़ी

**मुंबई।** अभिनेता रणबीर कपूर की अभिनय की कला विरासत में मिली है। उनके दादा राज कपूर से लेकर उनके पिता ऋषि कपूर तक ने अभिनय की दुनिया में खूब नाम कमाया। रणबीर ने फिल्म 'सांवरिया' से बॉलीवुड में कदम रखा था और अपनी पहली ही फिल्म से वह दर्शकों के दिलों में घर कर गए थे। आइए आज जानते हैं कि रणबीर अपनी किन फिल्मों के लिए पुरस्कार जीत चुके हैं।



**'सांवरिया':** निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म 'सांवरिया' से रणबीर ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। फिल्म में उनकी हीरोइन थीं सोनम कपूर। यह फिल्म भले ही फ्लॉप हो गई, लेकिन रणबीर ने अपने अभिनय और अंदाज से दर्शकों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यही वजह है कि उन्हें आते ही फिल्मफेयर पुरस्कार अपने नाम कर लिया। रानी मुखर्जी और सलमान खान भी इस फिल्म का हिस्सा थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म मौजूद है।

**'वेकअप सिड', 'अजब प्रेम की गजब कहानी' और 'रॉकेट सिंह':** रणबीर की 2009 में 3 फिल्में आईं। 'वेकअप सिड', 'अजब प्रेम की गजब कहानी' और 'रॉकेट सिंह'। इन तीनों फिल्मों के लिए रणबीर को बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का अवॉर्ड मिला था। 'वेकअप सिड' में 18 करोड़ के बजट में बनी थी और इसने 47 करोड़ रुपये कमाए थे। उधर 35 करोड़ रुपये की लागत से बनी 'अजब प्रेम की गजब कहानी' ने 133 करोड़ तो 16 करोड़ रुपये के बजट में बनी 'रॉकेट सिंह' ने 33 करोड़ रुपये कमाए थे।

**'रॉकस्टार' और 'बर्फी':** रणबीर की 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'रॉकस्टार' का 60 करोड़ रुपये के बजट में बनी और इसने 108 करोड़ रुपये कमाए थे। इसके बाद 2013 में आई उनकी फिल्म 'बर्फी' ने भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया था। इसमें प्रियंका चोपड़ा और इलियाना डिक्रूज उनके साथ थीं। फिल्म का बजट 35 करोड़ रुपये था और इसने 175 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इन दोनों फिल्मों के लिए रणबीर को बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था।

**'संजू' और 'एनिमल':** फिल्म 'संजू' में रणबीर ने संजय दत्त का सफरनामा पर्दे पर उतारा था। 96 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 587 करोड़ रुपये कमाए थे। पिछले साल रणबीर फिल्म 'एनिमल' लेकर आए, जो उनके करियर की सबसे कमाऊ फिल्म बनी। 100 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 917 करोड़ रुपये कमाए थे। इन दोनों ही फिल्मों के लिए रणबीर ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार जीता था।

# *कृति सैनन ने पहनी लाखों की ड्रेस, तस्वीरें हो रहीं वायरल...*

***मुंबई।*** *अभिनेत्री कृति सैनन ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह बेहद स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रही हैं। तस्वीरों में कृति को काली रंग की खूबसूरत ड्रेस पहने हुए देखा जा सकता है, जिसकी कीमत लाखों में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कृति की इस ड्रेस की कीमत 3.59 लाख रुपये है। अभिनेत्री यह ड्रेस पहनकर बीते दिन मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुई थीं।*

***'दो पत्ती' में नजर आएंगी कृति :*** *काम के मोर्चे पर बात करें तो कृति को पिछली बार करीना कपूर और तब्बू के साथ फिल्म 'क्रू' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। अब कृति फिल्म 'दो पत्ती' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। यह फिल्म कृति के होम प्रोडक्शन 'ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स' की पहली फिल्म है। इस फिल्म में कृति के साथ अभिनेत्री काजोल भी मुख्य भूमिका में होंगी।*




## 30 करोड़ की कमाई करने वाली 'अधुर्स' अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद

# 'देवरा' से पहले भी जूनियर एनटीआर कई फिल्मों में कर चुके हैं डबल रोल

**मुंबई।** इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार 'देवरा' रिलीज हो गई है और इसी के साथ एक बार फिर जूनियर एनटीआर चारों ओर वाहवाही लूट रहे हैं। ज्यादातर दर्शकों और समीक्षकों का मानना है कि पूरी फिल्म उन्होंने ही अपने कंधों पर ढोई है, क्योंकि जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान को ज्यादा स्क्रीन स्पेस नहीं मिला है। फिल्म में एनटीआर ने पिता और बेटे की भूमिका निभाई है। आइए जानें इससे पहले उन्होंने किन फिल्मों में डबल रोल किए।

### 'अंधरावाला'

यह तेलुगु एक्शन फिल्म 2004 में रिलीज हुई थी। पुरी जगन्नाथ ने इस फिल्म का निर्देशन किया था और इसकी कहानी भी उन्होंने ही लिखी थी। इससे पहले एनटीआर निर्देशक एसएस राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'सिम्हाद्री' में दिख थे। लिहाजा 'अंधरावाला' से दर्शकों की उम्मीदें बढ़ गई थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फेल हो गई। फिल्म में एनटीआर ने मुन्ना और शंकर पहलवान नाम के 2 किरदार निभाए थे। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म सन एनएक्सटी पर है।



### 'अधुर्स'

'अंधरावाला' के बाद अपने करियर में एनटीआर ने दूसरी बार डबल रोल फिल्म 'अधुर्स' में किया था। यह फिल्म 2010 में दर्शकों के बीच आई थी। वीवी विनायक ने इस एक्शन कॉमेडी फिल्म का निर्देशन किया था। इसमें एनटीआर के एक किरदार का नाम था नरसिंह और दूसरे का नाम था चारी। 30 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।

### 'शक्ति'

साल 2011 में आई 'शक्ति 'एनटीआर के करियर की तीसरी फिल्म थी, जिसमें उन्होंने डबल रोल किया था। मेहर रमेश फिल्म के निर्देशक थे। इसमें एनटीआर ने शक्ति स्वरूप और रूद्रा 2 किरदार निभाए थे। इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर बहुत बुरा हाल हुआ था। इलियाना डिक्रूज, विद्युत जामवाल, पूजा बेदी , जैकी श्रॉफ और सोनू सूद भी इसका हिस्सा थे। 350 करोड़ रुपये में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर केवल 35 करोड़ रुपये ही बटोर पाई थी।

### 'जय लव कुश'

एनटीआर ने फिल्म 'जय लव कुश' में 3 अलग-अलग किरदार निभाए। उनकी एक भूमिका जय नाम के गैंगस्टर की थी तो एक लव कुमार नाम के बैंक मैनेजर की थी और एक भूमिका का नाम था कुश, जो चोरी करने में माहिर था। रोनित रॉय और राशि खन्ना भी इस फिल्म का हिस्सा थीं। 45 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 130 से 150 करोड़ रुपये कमाए थे। जी5 और डिज्नी+हॉटस्टार पर यह फिल्म मौजूद है।

# भारत पर्याप्त रोजगार का सृजन नहीं कर रहा : रघुराम राजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि के साथ भारत पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर रहा है। इसका अंदाजा कुछ राज्यों में रिक्त पदों के लिए आवेदकों की संख्या से लगाया जा सकता है।

- देश में निचले आधे हिस्से में उपभोग वृद्धि अब भी नहीं सुधरी है

राजन ने सुझाव दिया कि सरकार को रोजगार पैदा करने के लिए श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। राजन ने आगे कहा कि कुछ भारतीय विशेष रूप से उच्चस्तर पर, संतोषजनक स्थिति में हैं और उनकी आमदनी अधिक है। लेकिन निचले आधे हिस्से में उपभोग वृद्धि अब भी नहीं सुधरी है और यह कोविड-पूर्व स्तर तक नहीं पहुंच पाई है।

## पूर्व आरबीआई गवर्नर ने सुझाव दिया सरकार श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ावा दे

### पूंजी गहन उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे

पूर्व गवर्नर ने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण हिस्सा है...आप सोचेंगे कि सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ, हम बहुत सारी नौकरियां पैदा करेंगे। लेकिन अगर आप हमारी विनिर्माण वृद्धि को देखें, तो यह अधिक पूंजी गहन है।' उनसे जब पूछा गया था कि क्या सात प्रतिशत से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था पर्याप्त रोजगार पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि पूंजी-गहन उद्योग अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन श्रम-गहन उद्योगों के साथ ऐसी बात नहीं है।



### सरकारी नौकरियों के लिए आवेदनों की संख्या बहुत अधिक

आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा, "निचले स्तर पर सब ठीक नहीं चल रहा है। मुझे लगता है कि नौकरियों की सख्त जरूरत है। और आप इसे देख सकते हैं। आधिकारिक आंकड़ों को भूल जाइए। अमेरिका स्थित शिकॉगो बूथ में वित्त के प्रोफेसर राजन ने कहा, "आप इसे सरकारी नौकरियों के लिए आवेदनों की संख्या में देख सकते हैं, जो बहुत अधिक हैं।"

*निजी क्षेत्र का निवेश घटना थोड़ा रहस्यपूर्ण : यह पूछे जाने पर कि पूंजीगत व्यय में निजी क्षेत्र अब भी क्यों पिछड़ रहा है, राजन ने कहा कि यह थोड़ा रहस्यपूर्ण है। जब आप पूंजी उपयोग (निजी क्षेत्र का) देखते हैं, तो यह लगभग 75 प्रतिशत है...ऐसा लगता है कि मांग उस बिंदु तक नहीं पहुंच पाई है जहां उन्हें लगता है कि इस तरह का निवेश करने की जरूरत है।*

### अप्रेंटिसिशिप योजना का स्वागत

राजन ने कहा कि मध्यम अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था छह-सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इस वर्ष के बजट में वित्त मंत्री द्वारा घोषित 'अप्रेंटिसशिप' योजनाओं का राजन ने स्वागत किया, लेकिन साथ ही कहा कि हमें उसपर बहुत बारीकी से नजर रखनी होगी, देखना होगा कि क्या काम करता है, और जो काम करता है उसका और अधिक विस्तार करना होगा।''

## खबर संक्षेप

### त्योहारी मांग से बीते सप्ताह तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** महंगा होने की वजह से कम आयात के कारण आपूर्ति घटने के बीच त्योहारी मांग बढ़ने से देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल जैसे सभी तेल-तिलहन के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए।

### बाजार पूंजीकरण में एसबीआई रिलायंस रही सबसे आगे



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,21,270.83 करोड़ रुपये का उछाल आया। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,027.54 अंक या 1.21 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### जुलाई, अगस्त 2017 के लिए जीएसटी रिटर्न के आंकड़े बहाल




**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने रविवार को कहा कि जुलाई और अगस्त, 2017 के मासिक रिटर्न के आंकड़े पोर्टल पर बहाल कर दिए गए हैं। ये जीएसटी लागू होने के शुरुआती महीने थे। जीएसटीएन ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह अपनी आंकड़ा नीति को लागू कर रहा है, जिसके अनुसार करदाताओं के आंकड़े केवल सात साल के लिए ही रखे जाएंगे।

### स्कोप को पांच करोड़ डॉलर का वीसीएफ लाने मंजूरी



**नई दिल्ली।** स्टार्ट-अप नेटवर्किंग मंच स्कोप को पांच करोड़ डॉलर का उद्यम पूंजी कोष (वीसीएफ) पेश करने के लिए बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने बताया कि इस कोष से भारत और अमेरिका पर ध्यान केंद्रित करते हुए वित्तीय प्रौद्योगिकी और गेमिंग क्षेत्र में उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप में निवेश किया जाएगा।

### लघु वित्त बैंक जोखिम कम करने के लिए सतर्क



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने लघु वित्त बैंकों से जोखिम कम करने के लिए सतर्क रहने को कहा। ऐसे उपाये किए जाने चाहिए जिससे जोखिम समय रहते कम हो जाएं। उद्घाटन करने के बाद स्वामीनाथन ने कहा कि एसएफबी की सतत वृद्धि की दिशा में संचालन व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### जोमैटो की सह-संस्थापक आकृति चोपड़ा का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** रेस्तरां से खाना मंगाने का ऑनलाइन मंच जोमैटो की सह-संस्थापक एवं मुख्य जन अधिकारी आकृति चोपड़ा ने इस्तीफा दे दिया है। आकृति ने अपने अन्य हितों को आगे बढ़ाने के लिए इस्तीफा दिया है। उनका इस्तीफा 27 सितंबर, 2024 से प्रभावी हो चुका है। वह 13 वर्षों तक कंपनी के साथ रहीं। इस दौरान उन्होंने जोमैटो के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में अपनी पिछली भूमिका में कानूनी और वित्त टीमों की स्थापना और विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने 27 सितंबर के आदेश के जरिए यह मंजूरी दी

# वायकॉम18-डिज्नी के मर्जर पर स्टार इंडिया को सरकार से मिली लाइसेंस ट्रांसफर की मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज की मीडिया इकाइयों के गैर-समाचार और समसामयिक विषयों के टीवी चैनल से संबंधित लाइसेंस को स्टार इंडिया को हस्तांतरित करने को मंजूरी दे दी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीवी18 ब्रॉडकास्ट द्वारा शेयर बाजारों को दी गई जानकारी के अनुसार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 27 सितंबर के आदेश के जरिये यह मंजूरी दी है।

'सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 27 सितंबर, 2024 के अपने आदेश के माध्यम से स्टार इंडिया के पक्ष में वायकॉम18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के गैर-समाचार और समसामयिक विषयों के टीवी चैनल से संबंधित लाइसेंस को हस्तांतरित करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। यह भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन होगा।

### एनसीएलटी ने पहले ही विलय की मंजूरी दे दी थी

वायकॉम18 एक होल्डिंग कंपनी है जो रिलायंस इंडस्ट्रीज और बोधि ट्री सिस्टम्स के मीडिया और मनोरंजन कारोबार का स्वामित्व रखती है। अब दोनों पक्ष विलय के अंतिम चरण में हैं और सीसीआई के निर्देशों के अनुरूप अपने कारोबार में कुछ समायोजन कर रहे हैं। गत 30 अगस्त को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की मीडिया और मनोरंजन परिसंपत्तियों का स्वामित्व रखने वाली वायकॉम18 मीडिया और डिजिटल18 मीडिया के स्टार इंडिया के साथ विलय की योजना को मंजूरी दे दी थी।




### समूह का मूल्यांकन 70,000 करोड़ रुपए का होगा

इस योजना में वायकॉम18 और जियो सिनेमा से संबंधित मीडिया परिचालन को डिजिटल18 में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव था, जो वायकॉम18 की अनुषंगी कंपनी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और द वॉल्ट डिज्नी कंपनी की मीडिया परिसंपत्तियों के विलय से देश का सबसे बड़ा मीडिया समूह बनेगा, जिसकी मूल्यांकन 70,000 करोड़ रुपये से अधिक होगा।

- मंजूरी भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन होगी
- विलय के बाद रिलायंस का मीडिया ग्रुप देश का सबसे बड़ा मीडिया ग्रुप बनेगा




### नीता अंबानी संयुक्त उद्यम की प्रमुख होंगी

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नेटफ्लिक्स और जापान की सोनी जैसी प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करने के लिए संयुक्त उद्यम में करीब 11,500 करोड़ रुपये के निवेश पर भी सहमति व्यक्त की है। आरआईएल के चेयरमैन मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी संयुक्त उद्यम की प्रमुख होंगी, जबकि उदय शंकर इसके वाइस-चेयरपर्सन होंगे।

### आरआईएल व सहयोगी की हिस्सेदारी 63 फीसदी होगी

इस सौदे के तहत, मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली आरआईएल और उसके सहयोगी संयुक्त इकाई में 63.16 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेंगे, जिसमें दो स्ट्रीमिंग सेवाएं और 120 टेलीविजन चैनल होंगे। वहीं वॉल्ट डिज्नी के पास इस सामूहिक इकाई में शेष 36.84 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। यह देश की सबसे बड़ी मीडिया कंपनी होगी।

### सौदे में स्वैच्छिक संशोधनों का खुलासा नहीं किया


इससे पहले सीसीआई ने कहा था कि उसने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, वायकॉम18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, डिजिटल18 मीडिया लिमिटेड, स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसआईपीएल) और स्टार टेलीविजन प्रोडक्शंस लिमिटेड (एसटीपीएल) के संयोजन के प्रस्ताव को स्वैच्छिक संशोधनों के अनुपालन के अधीन मंजूरी दे दी है। हालांकि, सीसीआई ने दोनों पक्षों द्वारा किए गए मूल सौदे में स्वैच्छिक संशोधनों का खुलासा नहीं किया।

# एलएंडटी सेमीकॉन में दो साल में जल्द शुरू होगा चिप उत्पादन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फैबलेस चिप कंपनी एलएंडटी सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज को उम्मीद है कि उसके डिजाइन किए गए सेमीकंडक्टर उत्पादों का निर्माण अगले दो साल में शुरू हो जाएगा।

एलएंडटी सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संदीप कुमार ने कहा कि कंपनी विभिन्न सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकियों के लिए पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर से एक अरब डॉलर की सीमा में राजस्व हासिल करने की क्षमता होने पर अपना चिप निर्माण संयंत्र स्थापित करेगी। सीईओ ने कहा कि कंपनी लगभग 15 विभिन्न उत्पादों को समानांतर रूप से संभालने के लिए टीम बना रही है। इस संबंध में करीब आधा काम किया जा चुका है। कुमार ने कहा, ''अगले छह महीनों में हमारे पास पूरी ताकत होगी।



- कंपनी 15 समानांतर उत्पाद डिजाइनों को संभालने में सक्षम होगी

इस साल के अंत तक, हम 15 समानांतर उत्पाद डिजाइनों को संभालने में सक्षम होंगे।

### छह उत्पादों का डिजाइन पहले ही शुरू हो चुका

हमारे पास आधी टीम तैयार है, इसलिए लगभग छह उत्पाद डिजाइन पहले ही शुरू हो चुके हैं। वे डिजाइन अगले साल के अंत तक पेश होंगे। आज से दो साल में उत्पादन शुरू हो जाएगा।'' उन्होंने कहा कि कंपनी का मानना है कि देश में विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करने के लिए फैबलेस चिप फर्म के रूप में शुरुआत करना महत्वपूर्ण है।

### स्टर्लिंग विल्सन के प्रवर्तकों ने 7.14 फीसदी हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के प्रवर्तकों- शापूरजी पालोनजी और खुर्शीद यजदी दारूवाला ने खुले बाजार में लेनदेन के जरिए कंपनी में 7.14 फीसदी हिस्सेदारी 1,040 करोड़ रुपये में बेच दी। एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, शापूरजी पालोनजी एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ने स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी में 1.35 करोड़ शेयर बेचे, जो 5.78 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर हैं। समाधान प्रदाता कंपनी में 31.50 लाख शेयर यानी 1.35 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची।

# जमा बढ़ाने के लिए नए उत्पाद लाने की तैयारी में एसबीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि जमाकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए बैंक आवर्ती जमा और एसआईपी के संयुक्त उत्पाद सहित नवोन्मेषी उत्पाद लाने पर विचार कर रहा है।

शेट्टी ने कहा कि अर्थव्यवस्था की प्रगति के साथ, ग्राहक वित्तीय रूप से अधिक जागरूक और मांग करने वाले बन रहे हैं, और उन्होंने नवीन निवेश साधनों की तलाश शुरू कर दी है। शेट्टी ने कहा कि आज ग्राहक मूल्य प्रस्ताव पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि वित्तीय साक्षरता बढ़ रही है और परिसंपत्ति आवंटन की अवधारणा को अधिक महत्व मिलेगा। चेयरमैन ने बातचीत में कहा, "जाहिर है, कोई भी व्यक्ति जोखिम वाली परिसंपत्ति में अपना सब कुछ नहीं लगाना चाहता...बैंकिंग उत्पाद हमेशा इसका हिस्सा रहेंगे। इसलिए, हम ऐसे उत्पाद लाने की कोशिश कर रहे हैं जो उन्हें आकर्षित करें।" एसबीआई चेयरमैन ने कहा, "हम कुछ पारंपरिक उत्पादों जैसे आवर्ती जमा, जो वास्तव में एक पारंपरिक एसआईपी है, में नवीनता लाने का प्रयास कर रहे हैं... हो सकता है, हम सावधि जमा/आवर्ती जमा और एसआईपी दोनों को मिलाकर एक संयुक्त उत्पाद दे सकें जो डिजिटल रूप से सुलभ हो सके।"




- बैंक के चेयरमैन शेट्टी ने कहा, आवर्ती जमा व एसआईपी लाने पर विचार जारी
- ग्राहक अब वित्तीय रूप से अधिक जागरूक और मांग करने वाले बन रहे

### एसबीआई हर उपभोक्ताओं तक पहुंचने का प्रयास कर रहा

शेट्टी ने कहा, "जैसा कि मैंने कहा, हमारे लिए जमा जुटाना एक फ्रेंचाइजी का काम है। हमारे पास देशभर में सबसे ज़्यादा संख्या में भौतिक शाखाएं हैं। हम पहुंच कार्यक्रम शुरू करके अपनी विशाल भौतिक पहुंच का लाभ उठा रहे हैं, जहां ग्राहकों से संपर्क किया जाता है। आज, एसबीआई की ओर से हर उपभोक्ता तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है, चाहे वे मौजूदा ग्राहक हों या नए ग्राहक।"

## पीएनबी ने शेयर जारी कर 5000 करोड़ रुपए जुटाए...




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने पात्र संस्थागत निवेशकों (क्यूआईपी) को इक्विटी शेयर जारी कर 5,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पीएनबी ने बयान में कहा कि उसने 103.75 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर लगभग 48.19 करोड़ इक्विटी शेयर आवंटित किए। यह आवंटन 109.16 रुपये प्रति शेयर के आधार मूल्य से 4.96 प्रतिशत की छूट पर था। बैंक ने कहा कि उसका क्यूआईपी निर्गम 23 से 26 सितंबर, 2024 तक अभिदान के लिए खुला था। पीएनबी ने कहा, "बैंक को क्यूआईपी निर्गम के लिए म्यूचुअल फंड, एफपीआई, बीमा कंपनियों आदि सहित पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) से 41,734 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं, जो 2,500 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार का 16.7 गुना और 5,000 करोड़ रुपये के कुल निर्गम आकार का 8.3 गुना है।"

# आसुस का भारत में शीर्ष पीसी ब्रांड बनने का लक्ष्य

- कंपनी आक्रामक तरीके से कर रही है विस्तार
- खुदरा बाजार में आक्रामक रूप से विस्तार की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ताइवान की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी आसुस का लक्ष्य दो साल में 25-30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत का शीर्ष पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) ब्रांड बनने का है। कंपनी इसके लिए खुदरा बाजार में आक्रामक रूप से विस्तार की योजना बना रही है।




आसुस इंडिया के सिस्टम बिजनेस समूह के उपाध्यक्ष (उपभोक्ता एवं गेमिंग पीसी) अर्नोल्ड सु ने कहा कि आसुस ने भारत में अपनी बाजार हिस्सेदारी 2017 में 6.3 प्रतिशत से तीन गुना बढ़ाकर 2023 में 17.8 प्रतिशत कर ली है। इसके साथ ही यह देश में दूसरे नंबर का उपभोक्ता नोटबुक ब्रांड बन गया है। सु ने बातचीत में कहा, "हमें बाजार हिस्सेदारी को तीन गुना करने में छह साल लग गए। हमारा लक्ष्य आने वाले दो साल में पहले नंबर का ब्रांड बनना है। ...और इसके लिए हमारी बाजार हिस्सेदारी 25-30 प्रतिशत के बीच होनी चाहिए।" सु ने कहा, "हम अपने खुदरा केंद्रों का आक्रामक रूप से विस्तार करना जारी रखेंगे।

# वैश्विक रुझान से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक रुझान, विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़े इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह के दौरान शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

बुधवार यानी दो अक्टूबर को 'गांधी जयंती' के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''आगे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह की निगरानी करना रोचक रहेगा। इस साल सितंबर में भारतीय शेयर बाजार में सबसे ज़्यादा एफआईआई प्रवाह देखने को मिला है। जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव, अमेरिका के डॉलर सूचकांक और वहां के वृहद आर्थिक आंकड़ों से भी बाजार को दिशा मिलेगी। मीणा ने कहा, ''इस साथ ही भू-राजनीतिक घटनाक्रम वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण कारक बने रहेंगे।



- विदेशी निवेशकों की गतिविधियों का बाजार में होगा अहम रोल
- गांधी जयंती पर दो अक्टूबर को बाजार रहेगा बंद

### बीते सप्ताह बाजार 1000 अंक से अधिक बढ़ा

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,027.54 अंक या 1.21 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 388 अंक या 1.50 प्रतिशत चढ़ गया। शुक्रवार को सेंसेक्स ने दिन में कारोबार के दौरान 85,978.25 के नए सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ।

# सरकार अगले महीने उद्योग से करेगी सुझाव आमंत्रित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने की कवायद के तहत सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है। बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी।

एक सूत्र ने बताया, ''उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने के लिए सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए। एक अन्य सूत्र ने बताया कि यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने के लिए नहीं है।




- प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने की कवायद
- निजी क्षेत्र व कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव

### पुराने बेकार पड़ चुके प्रावधानों को हटाया जाएगा

सूत्र ने कहा, "पुराने बेकार पड़ चुके प्रावधानों को हटाने से ही पृष्ठों की संख्या में करीब 100 की कमी आ सकती है। आयकर कानून की समीक्षा का उद्देश्य भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।" जुलाई में पेश किए गए 2024-25 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्ताव दिया था कि आयकर कानून की समीक्षा छह महीने में पूरी हो जाएगी।

### समयसीमा जनवरी में समाप्त हो रही

यह देखते हुए कि छह महीने की समयसीमा जनवरी में समाप्त हो रही है, व्यापक रूप से उम्मीद है कि संशोधित आयकर अधिनियम संसद के बजट सत्र में लाया जा सकता है। एक अन्य सूत्र ने कहा कि चूंकि कानून में कोई नया बदलाव अपेक्षित नहीं है, इसलिए संशोधित अधिनियम वित्त विधेयक, 2025 का भी हिस्सा बन सकता है।

## अक्टूबर-नवंबर में आधा दर्जन से अधिक कंपनियों के आईपीओ आएंगे

# कंपनियां दो माह में आईपीओ से 60 हजार करोड़ जुटाएंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले दो माह में हुंडई मोटर इंडिया, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सहित आधा दर्जन से अधिक कंपनियां लगभग 60,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही हैं।

- इसमें हुंडई मोटर, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी शामिल

इससे आईपीओ बाजार में हलचल बनी रहेगी। इन तीन कंपनियों के अलावा एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, वारी एनर्जीज, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, वन मोबिक्विक सिस्टम्स और गरुड़ कंस्ट्रक्शन उन कंपनियों में हैं, जो अक्टूबर-नवंबर के दौरान आईपीओ लाने की तैयारी में हैं। ये कंपनियां मिलकर आईपीओ से 60,000 करोड़ रुपये तक जुटा सकती हैं।

### एनटीपीसी ग्रीन का आईपीओ नवंबर के पहले सप्ताह में

इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी नवंबर के पहले सप्ताह में अपना 10,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की योजना बना रही है। शापूरजी पालोनजी समूह की निर्माण कंपनी एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर भी 7,000 करोड़ रुपये की पेशकश के साथ आईपीओ की होड़ में शामिल होगी।




*दिसंबर तक 30 से अधिक आईपीओ आएंगे : इक्विरास के प्रबंध निदेशक और प्रमुख (इक्विटी कैपिटल मार्केट्स) मुनीश अग्रवाल को उम्मीद है कि सितंबर के अंत से दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे। ये आईपीओ विभिन्न क्षेत्रों और आकार के होंगे। इनमें नए शेयर जारी किए जाएंगे और बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल होगी।*

### स्विगी 3750 करोड़ का आईपीओ लाएगी

स्विगी नए शेयरों की बिक्री और ओएफएस के जरिये 10,414 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य बना रही है। स्विगी के आईपीओ में 3,750 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे और 6,664 करोड़ रुपये के 18.52 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल होगी।

### हुंडई का आईपीओ देश का सबसे बड़ा आईपीओ होगा

दक्षिण कोरिया की हुंडई मोटर कंपनी की भारतीय अनुषंगी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड आईपीओ से 25,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है। यह देश का अबतक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। यह भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के 21,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के आंकड़े को पार कर सकता है।

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को पहली बार टेस्ट में किया क्लीन स्वीप




- जयसूर्या प्लेयर ऑफ द सीरीज, झटके 18 विकेट
- दूसरे मैच में पारी और 154 रन से दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶ गॉल

श्रीलंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन ही न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को श्रृंखला में हराया। श्रीलंका के इस जीत के नायक बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या रहे। उन्होंने दो मैच में 18 विकेट लिए और उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस बीच कामिंदु मेंडिस को दूसरे टेस्ट मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। न्यूजीलैंड की पहली पारी केवल 88 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 360 रन बनाकर कुछ चुनौती पेश की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

## भारतीय क्रिकेट बोर्ड सचिव के उत्तराधिकारी की खोज तेज

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड की 93वीं वार्षिक आम बैठक में रविवार को यहां उपस्थित सदस्यों ने मौजूदा सचिव जय शाह से सत्ता परिवर्तन को यथासंभव सुचारू रखने के लिए अपने उत्तराधिकारी को खोजने की प्रक्रिया में तेजी लाने का अनुरोध किया। नए सचिव का चयन एजीएम एजेंडे में नहीं था। यह पता चला है कि उपस्थित सदस्यों ने प्रक्रिया को पारदर्शी रखने के लिए उत्तराधिकारी योजना पर आपस में चर्चा की। मौजूदा स्थिति में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली, बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष आशीष शेलार, संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया और गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल ऐसे उम्मीदवार हैं जो शाह का उत्तराधिकारी बनने की दौड़ में हैं। चयन प्रक्रिया के आगे के चरण में अगर कोई छुपा रुस्तम सामने नहीं आया तो इन्हीं नामों में से कोई शाह का उत्तराधिकारी बनेगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने 3-2 से जीती वनडे सीरीज



**ब्रिस्टल।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने रविवार को खेले गए 5वें वनडे में इंग्लैंड को डीएलएस मेथड से 49 रन से हराया। इसके साथ ही कंगारू टीम ने 5 मैचों की वनडे सीरीज 3-2 से अपने नाम की। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के शतक पर पानी फिर गया। मुकाबले की बात करें तो इंग्लैंड टीम 49.2 ओवर में 309 रन पर सिमट गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 20.4 ओवर में 2 विकेट खोकर 165 रन बना लिए थे। इसके बाद बारिश के कारण मैच को रोकना पड़ा। अंत में कंगारू टीम को विजयी घोषित कर दिया गया। इंग्लैंड की ओर से बेन डकेट ने शतक लगाया। उन्होंने 91 गेंदों पर 107 रन की पारी खेली।

# भारत ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप निशानेबाजी में जीते दो टीम स्वर्ण

### उमेश, प्रद्युम्न और मुकेश 1726 अंकों के साथ रहे शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में टीम स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की लेकिन एक निशानेबाज पर देर से पहुंचने के कारण दो अंक का जुर्माना लगाया गया।

उमेश चौधरी, प्रद्युम्न सिंह और मुकेश नेलवल्ली की जूनियर पुरुष टीम ने 1726 अंकों के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल में टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम दूसरा स्थान हासिल करने वाले रोमानिया से 10 अंक आगे रही। इटली ने 1707 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। चौधरी हालांकि फाइनल के लिए देर से रिपोर्ट करने के कारण दो अंक का जुर्माना लगने से पदक हासिल करने से चूक गए। चौधरी और प्रद्युम्न ने क्वालिफिकेशन राउंड में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहते हुए व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई थी। चौधरी ने 580 और प्रद्युम्न ने 578 का स्कोर किया, लेकिन फाइनल में वे क्रमशः छठे और आठवें स्थान पर रहे।



### महिला टीम ने किया 1708 का स्कोर



*महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में कनिष्का डागर, लक्षिता और अंजलि चौधरी की भारतीय टीम ने 1708 का स्कोर करके स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने अजरबेजान को एक अंक से पीछे छोड़ा। यूक्रेन की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। डागर और कनक ने क्वालीफाइंग दौर में समान 573 का स्कोर बनाया। डागर ने हालांकि 10 अंक के अधिक स्कोर बनाए थे और इस कारण वह तीसरे जबकि कनक पांचवें स्थान पर रही। फाइनल में कनक ने 217.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता जबकि डागर आठवें स्थान पर रहीं। चीनी ताइपे की चेन यू-चुन ने स्वर्ण पदक जबकि स्लोवाकिया की मांजा स्लैक ने रजत पदक हासिल किया।*




### भारत ने वुशु में जीते दो स्वर्ण सहित सात पदक

*भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने रविवार को ब्रुनेई के में समाप्त हुई नौवीं जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते। भारत ने प्रतियोगिता में एक रजत और चार कांस्य पदक भी जीते। भारतीय वुशु संघ ने कहा, 'यह पहली बार है जब 48 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे भारतीय खिलाड़ी आर्यन ने चीन के खिलाड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता।' भारतीय खिलाड़ी शौर्य ने ईरान के प्रतिद्वंद्वी को हराकर एक और स्वर्ण पदक जीता। नांग मिंगबी बोरफुकन ने ताओलू जियान शू सी ग्रुप स्पर्धा में रजत पदक जीता। तनिश नागर (56 किग्रा), अभिजीत (60 किग्रा), दिव्यांशी (60 किग्रा महिला) और युवराज (42 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में 24 सदस्यीय भारतीय टीम ने हिस्सा लिया।*



### नए एनसीए में 3 मैदान 86 पिच की सुविधा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारतीय क्रिकेट को लेकर रविवार को एक अच्छी खबर सामने आई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बेंगलुरु में अपने नए नेशनल क्रिकेट एकेडमी का उद्घाटन करते हुए खिलाड़ियों को नया गिफ्ट दिया है। इसी के साथ बीसीसीआई ने एक और बड़ा ऐलान किया है। बोर्ड ने अब से एनसीए का नाम भी बदल दिया है। एनसीए अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के नाम से जाना जाएगा। 40 एकड़ में फैले बीएसई को क्रिकेट प्रतिभाओं को संवारने और खेल को आगे बढ़ाने का केंद्र बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। बीएसई में कुल 3 मैदान और 86 पिच हैं, जिनमें इनडोर और आउटडोर दोनों शामिल हैं। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक शानदार मूव रहेगा।

## भारत/बांग्लादेश : तीसरे दिन भी नहीं हो पाया खेल



एजेंसी ▶▶ कानपुर

- गीली आउटफील्ड के कारण लगभग आठ सत्र का खेल बर्बाद

भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन का खेल रविवार को यहां बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया। रात में हुई बारिश के कारण खेल शुरू होने में देर हुई, लेकिन दोपहर दो बजे के आसपास धूप निकल आई थी।

मैदान के कुछ हिस्सों में ज्यादा नमी थी इसलिए अधिकारियों ने दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया। रूक-रूक कर हो रही बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण लगभग आठ सत्र का खेल बर्बाद हो गया है। दो मैचों की श्रृंखला के अंतिम मैच का परिणाम प्रभावित होगा। मैच के दूसरे और तीसरे दिन खेल नहीं होने के कारण इस स्थल की ड्रेनेज सुविधा (जल निकासी व्यवस्था) पर सवाल उठाए गए हैं। पहले दिन बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे जब बारिश के कारण 35 ओवर ही फेंके जा सके थे। भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और शादमान इस्लाम को आउट किया था जबकि रविचंद्रन अश्विन ने कप्तान नजमुल हुसैन शंटो का विकेट लिया। भारत दो मैचों की श्रृंखला में पहला टेस्ट 280 रन से जीतकर 1-0 से आगे है।



हौंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा – 9785823333, ग्रैंड होंडा – 0771-4033794, वरूण होंडा – 0771-4005901, जी.के. होंडा – 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा – 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) – 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) – 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) – 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) – 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) – 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा – 07744-223100, मनराज होंडा – 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा – 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा – 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)– 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा – 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा– 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा – 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा– 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा – 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा– 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा – 8720008800, 7970005301
For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy




# ये हैं दुनिया के सबसे विचित्र जानवर, जिन्हें देखकर होगा एलियन जैसा अहसास

**नई दिल्ली।** हमारी दुनिया कई तरह के अजीबो-गरीब जीवों से भरी हुई है, जिन्हें देखकर लगता है कि वे किसी अन्य ग्रह से आए हैं। ये अलग-अलग आकृतियों और आकारों वाले विचित्र जानवर बदलती पर्यावरणीय स्थितियों के कारण जन्म लेते हैं। कुछ जीव महासागरों की गहराई में रहते हैं, तो कई जानवर रेगिस्तानों में भी पनपते हैं। आइए ऐसे ही अजब-गजब जानवरों के बारे में जानते हैं, जो देखने में किसी एलियन से कम नहीं लगते हैं।

## आर्माडिलो गिर्डलेड छिपकली



दक्षिण अफ्रीका के उत्तरी और पश्चिमी केप प्रांत में एक विचित्र छिपकली पाई जाती है, जिसे आर्माडिलो गिर्डलेड छिपकली कहते हैं। ये छिपकलियां बिलकुल एक छोटे आकार के ड्रैगन जैसी दिखती हैं। जब भी इन छिपकलियों को कोई खतरा महसूस होता हैं, तो ये अपने शरीर को गोल आकर में सिकोड़ लेती हैं। इनका शरीर कांटेदार लकड़ी जैसा दिखता हैं, जिसके जरिए ये खुद को शिकारियों से बचाती हैं। ये बड़े झुंड में चट्टानी पहाड़ियों पर रहती हैं।

## इंसानी दांत जैसे वाली पाकू

आपने समुद्र में कई तरह की छोटी-बड़ी मछलियां देखी होंगी, लेकिन क्या अपने कभी इंसानों जैसे दांत वाली मछली देखी है? सुनने में अजीब लगता है, लेकिन पाकू नामक मछली के दांत बिलकुल इंसानों जैसे होते हैं। ये मछलियां दक्षिण अमेरिका की झीलों में रहती हैं और शाकाहारी भोजन व मांस दोनों खाती हैं। इनके दांत चौकोर इसलिए होते हैं, ताकि ये झीलों में गिरने वाले फलों व मेवों को चबा सकें।



## बेहद डरावना जीव आइ-आइ

अफ्रीका के मेडागास्कर को कई अजीब जानवरों का घर माना जाता है, जिनमें से अधिकांश दुनिया में और कहीं नहीं पाए जाते हैं।



इन्हीं जानवरों में से एक है आइ-आइ, जो बेहद डरावना और विचित्र दिखता है। इस जानवर की आंखें बहुत बड़ी होती हैं, उंगलियां पतली व लंबी होती हैं और बेहद नुकीले पंजे होते हैं। यह एक प्रकार का लीमर होता है और विशेष रूप से जंगलों में पाया जाता है।

## उदास सी दिखने वाली ब्लॉबफिश



दुनिया का सबसे बदसूरत जानवर कहलाई जाने वाली ब्लॉबफिश दिखने में बेवकूफ लगती है। ब्लॉबफिश दक्षिण पूर्वी ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया के समुद्री तट के पास 600-1200 मीटर की गहराई पर रहती हैं। इस मछली का शरीर बिलकुल जेली जैसा होता है और यह तैर नहीं पाती है। सबसे विचित्र बात यह है कि इस मछली के शरीर में कोई हड्डी या मांस नहीं होता है। ब्लॉबफिश को देखकर ऐसा लगता है कि वह हमेशा उदास रहती है।

## गुलाबी परी आर्मांडिलो




हमारी सूची का एक अजब और खूबसूरत जानवर है गुलाबी परी आर्मांडिलो, जो किसी कैटरपिलर और लॉबस्टर की तरह दिखता है। इसकी लंबाई केवल 13 सेंटीमीटर होती है और यह सबसे छोटा आर्मांडिलो जानवर होता है। गुलाबी परी आर्मांडिलो केवल मध्य अर्जेंटीना में पाए जाते हैं और बेहद दुर्लभ होते हैं। ये छोटे जीव रेगिस्तानों में रहते हैं और एक स्थान से दूसरे स्थान तक इस तरह पहुंचते हैं, जैसे कि वे रेत में तैर रहे हों।

# मैगराइट की पेंटिंग 793 करोड़ रुपये में हो सकती है नीलाम, तोड़ेगी सारे रिकॉर्ड

**न्यूयार्क।** रेने मैगराइट बेल्जियम के महान चित्रकार थे, जिनकी एक प्रसिद्ध पेंटिंग श्रृंखला की एक दुर्लभ पेंटिंग न्यूयॉर्क में 9,50,00,000 डॉलर (लगभग 793 करोड़ रुपये) से अधिक में नीलाम हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो कलाकार की पेंटिंग नीलामी के सारे रिकॉर्ड तोड़ देगी और ये नीलामी घर के लिए एक बड़ी उपलब्धि भी साबित होगी। इस पेंटिंग में काले रंग का एक घर और उसके आस-पास पेड़ हैं, जबकि आसमान नीले रंग का दिखाया हुआ है।

**क्रिस्टीज नीलामी घर द्वारा बेची जा रही पेंटिंग :** इस पेंटिंग की नीलामी क्रिस्टीज नीलामी घर द्वारा आयोजित



की गई है। नीलामी घर के मुख्य अधिकारी ने बताया, इससे पहले साल 2022 में लंदन में स्थित सोथबी नामक नीलामी घर द्वारा मैगराइट की एक पेंटिंग 6,84,38,865 डॉलर यानी लगभग 571 करोड़ रुपये में बेची गई थी और हमें उम्मीद है कि इस बार नीलामी में शामिल हुई मैगराइट की पेंटिंग भारी कीमत पर बिकेगी।







### भारत का ऐसा अद्भुत गांव

# पर्यटक सामान और लोगों को नहीं छू सकते भरना पड़ता है जुर्माना



**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में समुद्र तल से लगभग 8,700 फीट ऊपर एक अनोखा गांव बसा हुआ है, जो कई रहस्यों और विचित्र कानूनों का घर है। इस गांव का नाम है मलाणा, जहां भारत का कानून नहीं चलता है। मलाणा एक बेहद रहस्यमयी गांव है, जो अपने प्राचीन रीति-रिवाजों, अनोखी भाषा और मनमोहक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। यहां की यात्रा पर आने वाले पर्यटकों को कुछ भी छूने की अनुमति नहीं है।

**कहां पर बसा है यह ऐतिहासिक गांव :** यह खूबसूरत गांव बाकी दुनिया से अलग-थलग रहता है और मलाणा नदी के किनारे एक पठार पर स्थित है। यह मलाणा नाला में स्थित है, जो कुल्लू घाटी के उत्तर-पूर्व हिस्से में बसी पार्वती घाटी का एक आकर्षक हिस्सा है। इस गांव से आप चदरखानी और देव टिब्बा की मनमोहक चोटियों को देख सकते हैं। यहां आकर आप कई तरह की एडवेंचर गतिविधियां कर सकते हैं। इसे दुनिया का पहला लोकतांत्रिक गांव भी कहा जाता है।

**मलाणा गांव में किया जाता है इन अन्य कानूनों का पालन :** मलाणा के लोग अपने प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करते हैं, इसलिए यहां पेड़ों पर कील ठोकना, जंगल से टहनियां ले जाना या लकड़ी जलाना मना है। गांव के मामलों में पुलिस के हस्तक्षेप पर रोक एक और अजीब लेकिन वास्तविक नियम है। जिस किसी को भी पुलिस सहायता की आवश्यकता हो, उसे ग्राम परिषद को 1000 रुपये का जुर्माना देना होता है। साथ ही जो इस गांव से बाहर शादी करता है, उसे गांव से निष्कासित कर दिया जाता है।

## इस गांव के लोग खुद को मानते हैं सर्वश्रेष्ठ

मलाणा के स्थानीय लोग खुद को सिकंदर के वंशज मानते हैं। उनके



अनुसार, उनकी नसों में आर्य रक्त बहता है, जो इस गांव की लोकप्रियता का कारण है। यहां के ग्रामीण हर बाहरी व्यक्ति को हीनदृष्टि से देखते हैं। वे मानते हैं कि वे श्रेष्ठ हैं और बाकी दुनिया उनसे नीचे है। कहा जाता है कि मलाणा की महिलाएं कटाई, बिक्री, खाना पकाने आदि जैसे सभी काम करती हैं और यहां के सभी पुरुष दिन-रात गांजा पीते रहते हैं।

## क्यों बाहरी लोगों को नहीं है कुछ भी छूने की अनुमति

मलाणा गांव में आने वाले पर्यटक यहां के स्थानीय लोगों और यहां की चीजों को नहीं छू सकते। ऐसा जाति प्रथा के कारण नहीं होता, बल्कि इसके पीछे कुछ और वजह है। मलाणा के लोग आर्य वंशज होने के कारण किसी बाहरी व्यक्ति से मेलजोल न बढ़ाने के कानून को लेकर काफी सख्त हैं। अगर आप उन्हें छू लेते हैं तो आपको शुल्क चुकाना होगा। इसके अलावा, यहां के घरों, मंदिरों और अन्य चीजों को भी छूना सख्त मना है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com